* वर्ष 40 * अंक 96 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार


www.dainikpukar.com

उदयपुर रविवार दिनांक 5 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# अंतरिक्ष में खिला जीवन : स्पेडेक्स मिशन के साथ भेजे लोबिया के बीज अंकुरित, जल्द आएगी पत्तियां, इसरो ने तस्वीर जारी की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इसरो ने 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से स्पेडेक्स यानी, स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लॉन्च किया था। इसके तहत पीएसएलवी-सी60 रॉकेट से दो स्पेसक्राफ्ट को पृथ्वी से 470 किमी ऊपर डेप्लॉय किया गया। इसके साथ भेजे गए पोइम-4 (पीएसएली ऑर्बिटल एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल) पर क्रॉप्स (कॉम्पैक्ट रिसर्च मॉड्यूल फॉर ऑर्बिटल प्लांट स्टडीज) ने अंतरिक्ष में पहली बार जीवन अंकुरित करने में सफलता पाई है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में डिजाइन किए गए क्रॉप्स ने महज 4 दिनों में लोबिया के बीज को माइक्रोग्रैविटी के जरिए अंकुरित किया। जल्द ही इसमें पत्तियां आने की उम्मीद है।



### प्रयोग के लिए लोबिया को ही क्यों चुना

प्रयोग के लिए लोबिया (काउपी) के बीजों को चुना गया क्योंकि यह तेजी से अंकुरित होते हैं। इनमें सहनशीलता भी बेहद ज्यादा होती है। यह पोषण महत्व वाला पौधा है। इस प्रयोग को अंतरिक्ष में भोजन उगाने की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है, जो भविष्य में चंद्रमा, मंगल या अन्य ग्रहों पर इंसान की मौजूदगी बनाए रखने में मदद करेगा।

### टारगेट की तरफ बढ़ते चेजर ने रिकॉर्ड किया सेल्फी वीडियो



चेजर मॉड्यूल ने अंतरिक्ष में एक इन-ऑर्बिट स्पेस सेल्फी वीडियो रिकॉर्ड किया है। मिशन का मुख्य उद्देश्य अंतरिक्ष में सटीक डॉकिंग को वेरिफाई करना है और यह वीडियो सबूत है कि मिशन सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस वीडियो को तब रिकॉर्ड किया गया जब चेजर, टारगेट की तरफ बढ़ रहा था। 2 जनवरी को इसकी इंटर सैटेलाइट डिस्टेंस के तहत दूरी 4.8 किमी थी। दोनों स्पेसक्राफ्ट की डॉकिंग का रियल टाइम वीडियो भी जारी किया जाएगा।

### पालक उगाने की तैयारी में भी इसरो

स्पेडेक्स के साथ रिसर्च और डेवलपमेंट से जुड़े 24 पेलोड भी भेजे गए। इन पेलोड्स को पृथ्वी से 700 किमी की ऊंचाई पर डॉक किया गया है। इनमें से 14 पेलोड इसरो के और बाकी 10 स्टार्टअप और एकेडमी के हैं। इनमें से एक है- एमिटी प्लांट एक्सपेरिमेंटल मॉड्यूल इन स्पेस (APEMS) पेलोड, जिसे एमिटी यूनिवर्सिटी ने बनाया है। यह रिसर्च करेगा कि पौधे की कोशिकाएं अंतरिक्ष में कैसे बढ़ती हैं। इस रिसर्च के तहत अंतरिक्ष और पृथ्वी पर एक ही समय में प्रयोग किया जाएगा। पालक की कोशिकाओं को एलईडी लाइट्स और जेल के जरिए सूर्य का प्रकाश और पोषक तत्व जैसी अहम चीजें दी जाएंगी। एक कैमरा पौधे की कोशिका के रंग और वृद्धि को रिकॉर्ड करेगा। अगर कोशिका का रंग बदलता है तो प्रयोग असफल हो जाएगा।

### मंगल मिशन पर अंतरिक्ष में पौधे उगाने की उम्मीद बढ़ी

लोबिया में अंकुरण की खबर से पालक पर होने वाले रिसर्च के सफल होने की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पालक की कोशिकाओं पर अंतरिक्ष और पृथ्वी पर एक ही समय में प्रयोग होगा। पालक की कोशिकाओं को एलईडी लाइट्स और जेल के जरिए सूर्य का प्रकाश और पोषक तत्व जैसी अहम चीजें दी जाएंगी। एक कैमरा पौधे की कोशिका के रंग और वृद्धि को रिकॉर्ड करेगा। अगर कोशिका का रंग बदलता है तो प्रयोग असफल हो जाएगा।

इन प्रयोगों में सफलता मिलती है तो अंतरिक्ष और पृथ्वी पर कृषि तकनीकों को बेहतर बनाने में मदद मिल सकती है। साथ ही भारतीय वैज्ञानिकों की लंबी अंतरिक्ष यात्राओं, जैसे मंगल ग्रह मिशन के दौरान पौधे उगाने की संभावना और मजबूत होगी।

## दिल्ली चुनाव : भाजपा ने 29 नामों की पहली लिस्ट जारी की

### केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा, आतिशी के खिलाफ बिधूड़ी को उतारा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में 29 नाम हैं। 16 सीटों पर कैंडिडेट बदले गए हैं जबकि 13 पर मौजूदा विधायकों को टिकट दी गई है। नई दिल्ली से अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रवेश वर्मा चुनाव लड़ेंगे। कालकाजी से आतिशी के खिलाफ भाजपा ने रमेश बिधूड़ी को मैदान में उतारा है। इसी सीट से कांग्रेस ने अलका लांबा को टिकट दिया है। दिल्ली में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द होने वाला है। आम आदमी पार्टी सभी 70 सीटों पर कैंडिडेट घोषित कर चुकी है। कांग्रेस ने भी अब तक तीन लिस्ट में 48 उम्मीदवार उतारे हैं।





#### भाजपा ने आप से आए 4 नेताओं को टिकट दिया, 2 सांसदों पर भरोसा जताया

भाजपा की पहली लिस्ट में आप से आए 4 नेता कैलाश गहलोत, राजकुमार आनंद, करतार सिंह और एनडी शर्मा को जगह दी गई है। वहीं, कांग्रेस से आए 3 नेताओं पर भी भरोसा जताया है। आशीष सिसोदिया को तिलक नगर से, जगदीश यादव को शकरपुर से और संतोष गहलोत को गांधी नगर से उम्मीदवार बनाया है। इसके अलावा, पार्टी के 2 सांसद प्रवेश साहिब वर्मा और रमेश बिधूड़ी को टिकट दिया है। प्रवेश नई दिल्ली से और रमेश दक्षिण दिल्ली से सांसद हैं।

## एसआई पेपरलीक मामला : जयपुर, उदयपुर और कोटा रेंज आईजी का एक्शन

# 11 ट्रेनी सब-इंस्पेक्टर सस्पेंड

**4 दिन पहले मिली थी पोस्टिंग**

**जयपुर (पुकार)।** सब इंस्पेक्टर-2021 पेपरलीक मामले में 11 ट्रेनी एसआई को शनिवार (4 जनवरी) को सस्पेंड कर दिया गया। सस्पेंड किए गए एसआई को 31 दिसंबर 2024 को ही जिलों में भेजा गया था। ये सभी पेपरलीक मामले में आरोपी हैं और हिरासत में भी रह चुके हैं। दरअसल, 4 दिन पहले पुलिस भर्ती और पदोन्नति बोर्ड एडीजी विपिन कुमार ने प्रैक्टिकल ट्रेनिंग के लिए पोस्टिंग ऑर्डर जारी किए थे। ये ऑर्डर 25 ट्रेनी एसआई के लिए थे। शनिवार को जयपुर, उदयपुर और कोटा रेंज आईजी ने 11 एसआई को निलंबित कर दिया।



#### 48 घंटे रहे थे पुलिस हिरासत में

राजस्थान सिविल सर्विस (क्लासिफिकेशन, कंट्रोल एंड अपील) रूल्स 1958 के अनुसार किसी सरकारी कर्मचारी के 48 घंटे पुलिस हिरासत में रहने पर उसे निलंबित किया जाता है। इस नियम के आधार पर ये एक्शन लिया गया है। जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा ने एसआई एकता, अविनाश व सुरजीत सिंह को निलंबित किया है। उदयपुर रेंज आईजी राजेश मीना ने एसआई राजेश्वरी, दिनेश विश्नोई, मनोहर, श्याम प्रताप सिंह व विक्रमजीत सिंह को सस्पेंड किया गया है। इसी तरह कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ ने मालाराम विश्नोई, चेतन सिंह व रेणु कुमारी को निलंबित किया है।

#### अब तक 45 ट्रेनी गिरफ्तार, 25 जमानत पर

पेपरलीक मामले में अभी तक 45 ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी एसओजी कर चुकी है। इनमें से 25 आरोपियों को जमानत मिल चुकी है। इनके अलावा 6 आरोपी ऐसे गिरफ्तार किए हैं, जिनका चयन तो हो गया था, लेकिन उन्होंने जॉइन नहीं किया था। इस मामले में विभागीय कार्रवाई के लिए पुलिस मुख्यालय ने सभी जिला और रेंज को मई में कहा था।

सरकार और पुलिस मुख्यालया से हरी झंडी के इंतजार में कार्रवाई रुकी हुई थी। एसआई भर्ती 2021 मामले में ट्रेनिंग ले रहे एसआई को फील्ड ट्रेनिंग पर भेजने के पुलिस मुख्यालय के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती भी दी गई है। जिस पर 6 जनवरी को सुनवाई होनी है।

## रिजिजू ने अजमेर दरगाह में चढ़ाई गई पीएम मोदी की चादर, अमन-चैन की दुआ मांगी

**जयपुर (पुकार)।** पीएम मोदी की ओर से भेजी गई चादर को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार दोपहर को पेश किया। शनिवार सुबह केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू मोदी की ओर से भेजी गई चादर लेकर जयपुर पहुंचे थे। यहां जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब होते हुए अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि अजमेर में उर्स के दौरान गरीब नवाज की दरगाह पर जाना हमारे देश की पुरानी परंपरा है।

उन्होंने कहा कि मुझे पीएम मोदी की ओर से 'चादर' चढ़ाने का अवसर मिला है। यह संदेश सौहार्द और भाईचारे का है. देश में सौहार्दपूर्ण माहौल हो और हर एक वर्ग के लोग एक दूसरे से मिलकर रहें। इस दुआ के साथ अजमेर शरीफ में चादर पेश की जा रही है। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी, राज्य के जल संसाधन मंत्री सुरेंद्र सिंह रावत



मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि उर्स के पावन अवसर पर हम देश में अच्छा माहौल चाहते हैं। विविधता में एकता हमारी संस्कृति है। सभी समुदायों के लोग गरीब नवाज से आशीर्वाद मांगते हैं। पीएम मोदी की ओर से चादर चढ़ाना पूरे देश की ओर से चढ़ाने जैसा है। लाखों लोग अजमेर दरगाह आते हैं, उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हम इसे दूर करने के लिए नई चीजें शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री रिजिजू पीएम मोदी की ओर से दरगाह में पीएम देश के नाम संदेश भी पढ़ेंगे। ग़ौरतलब है कि प्रधानमंत्री की ओर से दरगाह में चादर पेश करने की परम्परा लंबे समय से चली आ रही है।

## सिख फॉर जस्टिस पर लगा बैन पांच साल बढ़ा




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सिख्स फॉर जस्टिस (एसएफजे) को गैरकानूनी संगठन घोषित करने के केंद्र सरकार के फैसले को यूएपीए ट्रिब्यूनल ने सही ठहराया। ट्रिब्यूनल की अध्यक्षता दिल्ली हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनूप कुमार मेंदिरत्ता ने की। उन्होंने अपने आदेश में कहा कि सबूतों से स्पष्ट होता है कि एसएफजे का संबंध खालिस्तानी आतंकी संगठनों जैसे बब्बर खालसा इंटरनेशनल और खालिस्तान टाइगर फोर्स से है। साथ ही, पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के साथ मिलकर पंजाब में आतंकवाद को फिर से सक्रिय करने का प्रयास भी किया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रिब्यूनल ने कहा कि एसएफजे ने सोशल मीडिया के जरिए युवाओं की भर्ती और उन्हें कट्टरपंथी बनाने, तस्करी नेटवर्क के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों के लिए धन जुटाने और प्रधानमंत्री व गृहमंत्री जैसे भारतीय नेताओं को जान से मारने की धमकी देने का काम किया। 2019 में एसएफजे को पहली बार गैरकानूनी घोषित किया गया था और उस समय इसके खिलाफ 11 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। 2024 तक यह संख्या बढ़कर 122 हो गई, जो इसके गैरकानूनी गतिविधियों में तेज वृद्धि को दर्शाती है।

# सेना का ट्रक खाई में गिरा, 4 जवानों की मौत, 2 गंभीर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में शनिवार दोपहर सेना का ट्रक खाई में गिर गया। हादसे में 4 जवानों की मौत हो गई। 2 जवान गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ट्रक में 6 जवान ही सवार थे। अधिकारियों ने बताया कि हादसा जिले के एसके पायीन इलाके में हुआ। यहां ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा। घटना पर सेना ने बयान जारी किया है। इसमें बताया गया है कि खराब मौसम के कारण विजिबिलिटी कम थी। इस कारण ट्रक सड़क से फिसलकर खाई में जा गिरा।

मृतक सैनिकों की पहचान पवन कुमार, हरिराम, जतिंदर कुमार और नतीश कुमार के तौर पर हुई है। घायल जवानों के नाम गरली शंकर और वलपा कुमार हैं।

बांदीपोरा हादसे पर एलजी मनोज सिन्हा ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के जवानों की जान जाने से गहरा दुख हुआ है। राष्ट्र उनकी सेवा और प्रतिबद्धता के लिए बहुत आभारी है।



**24 दिसंबर के हादसे में 5 जवानों की मौत हुई थी :** इससे पहले 24 दिसंबर को पुंछ जिले में आर्मी वैन 350 फीट गहरी खाई में गिरी थी। वैन में 18 जवान सवार थे। इनमें से 5 की मौत हो गई थी। हादसे में शामिल सभी जवान 11 मराठा रेजिमेंट के थे। सेना ने बताया कि काफिले में 6 गाड़ियां थी, जो पुंछ जिले के पास ऑपरेशनल ट्रैक से होते हुए बनोई इलाके की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान एक वाहन के ड्राइवर के संतुलन खोने की वजह से वैन खाई में गिर गई।

**नवंबर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 जवानों की मौत :** इससे पहले नवंबर में दो अलग-अलग घटनाओं में 5 जवानों की मौत हो गई थी। 4 नवंबर को राजौरी में सड़क हादसे में दो जवानों की जान चली गई थी। वहीं, 2 नवंबर को रियासी जिले में कार खाई में गिर जाने से तीन जवानों की मौत हो गई थी।

## चीन में फैले नए वायरस से भारत सरकार सतर्क, बुलाई बैठक

**डब्लूएचओ से अपडेट देने को कहा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन में पिछले कुछ दिनों से फैल रहे नए HMPV वायरस को लेकर भारत सरकार सतर्क हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस मुद्दे पर बैठक बुलाई। स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि फिलहाल हर तरीके से चीन की स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन से भी इस वायरस की स्थिति पर प्रमाणित सूत्रों से सटीक जानकारी उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बयान जारी कर लोगों को ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को लेकर जानकारी दी। मंत्रालय ने कहा कि चिंता करने की जरूरत नहीं है। केंद्र इस मामले पर पूरी तरह से नजर बनाए हुए है। इस मौसम में ऐसे मामलों में वृद्धि देखने को मिलती है, जहां तक चीन की बात है तो वहाँ की स्थिति भी आसामान्य नहीं है। उन्होंने कहा, ÷इस वायरस के ऊपर आई रिपोर्ट्स यह बताती हैं कि हाल के समय में जो इसके केसों में वृद्धि देखने को मिली है वह मुख्यतः इन्फ्लूएंजा वायरस, आरएसवी और एचएमपीवी है, जो कि सामान्य रोग कारक हैं। वह इस मौसम में असर दिखाते हैं।÷ मंत्रालय ने कहा कि हमारी स्वास्थ्य सेवा किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है। मंत्रालय ने कहा कि हमने सभी मुख्य अस्पतालों के अधिकारियों से भी बात की है। उन्होंने भी पुष्टि की है कि सामान्य मौसमी बदलावों को छोड़कर कोई असामान्य वृद्धि या वायरस नहीं है। हालांकि एतियात के तौर पर हमने आईसीएमआर द्वारा HMPV के लिए जांच करने वाली लैब्स की संख्या को बढ़ाने का आदेश दे दिया है। हम लगभग पूरे साल अब इस वायरस को लेकर सतर्क रहेंगे। देश में जारी तैयारियों को लेकर हम पूरी तरह से आश्वस्त हैं कि हम किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं।

#### स्थिति सामान्य है- डॉक्टर गोयल

शुक्रवार को इस मुद्दे पर स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अधिकारी डॉक्टर अतुल गोयल ने जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि चीन की स्थिति अभी सामान्य है। किसी को भी कोई चिंता करने की जरूरत नहीं है। हमें बस सामान्य रूप से हवा के जरिए फैलने वाले वायरसों से सावधानी बरतने की जरूरत है। वर्तमान में जो स्थिति बनी हुई है हमें उसे लेकर डरने की जरूरत नहीं है।

डॉक्टर गोयल ने कहा कि चीन से जिस वायरस के फैलने की खबरें सामने आ रही हैं वह एक सामान्य जुकाम वाला वायरस है। स्वास्थ्य मंत्रायल ने पूरे देश में स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों से ग्रसित मरीजों का विश्लेषण भी किया है। कोई परेशानी वाली बात नहीं है। सब कुछ सामान्य है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौसम में वैसे भी सर्दी के मामलों में इज़ाफा होता है। ऐसे में हमारे अस्पताल और पूरी हेल्थ सिस्टम किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार है।

## खनौरी बॉर्डर पर लगा किसानों का जमघट

### स्ट्रेचर पर पहुंचे डल्लेवाल बोले- मोर्चा जीतकर रहेंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक और किसान मजदूर मोर्चा के नेतृत्व में पंजाब के खनौरी बॉर्डर पर हो रही महा पंचायत में 40 दिन से भूख हड़ताल कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्ट्रेचर पर मंच पर लाया गया। डल्लेवाल को मंच पर बनाए गए विशेष केबिन के बेड पर शिफ्ट कर दिया गया। उनके लिए 5 बाय 5 का केबिन तैयार किया गया है, यहीं से उन्होंने किसानों को संबोधित किया। किसानों को संबोधित करते हुए किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि सरकार चाहे जितना मर्जी जोर लगा ले लेकिन मोर्चा हम ही जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मुझे उठाने का कई बार प्रयास किया। पंजाब और हरियाणा से सैकड़ों नौजवान हमारे पास पहुंचे और मोर्चा संभाला। आज जो लोग मोर्चे पर पहुंचे हैं, यह सिर्फ ऊपर वाले की कृपा है।

## राजस्थान में थर्ड ग्रेड शिक्षकों के ट्रांसफर 15 मार्च के बाद होंगे : शिक्षा मंत्री



**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान में सरकारी शिक्षकों के तबादलों पर रोक लगी हुई है। इसे लेकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बालोतरा में कहा- इस साल लोकसभा, विधानसभा चुनाव और उपचुनाव के कारण तबादलों में देरी हुई। अब बोर्ड परीक्षाएं होंगी। मदन दिलावर ने कहा शिक्षक घबराए नहीं, हम 15 मार्च के बाद मुख्यमंत्री से अनुमति लेकर तबादले करेंगे। बाड़मेर के बालोतरा में आज शनिवार को शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने कहा कि मार्च के बाद शिक्षा विभाग में तबादले होंगे। शिक्षकों के तबादले नहीं होने का कारण, समय अनुकूल नहीं था। अभी परीक्षाओं का समय चल रहा है। परीक्षाओं के चलते शिक्षकों का तबादला करना सही नहीं होगा। इस वजह से शिक्षा विभाग को तबादलों से दूर रखा गया है। जब परीक्षाएं पूरी हो जाएगी, उस वक्त रणनीति के माध्यम से तबादले किए जाएंगे। हम 15 मार्च के बाद मुख्यमंत्री से अनुमति लेकर तबादले करेंगे। राजस्थान के शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर आज 4 जनवरी को बालोतरा जिले के दौरे पर हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बालोतरा में जसोल धाम में माता राणी भटियाणी के दर्शन किए। जसोल धाम में पत्रकारों के सवालों का मदन दिलावर ने जवाब दिया।

# भारतीय सेना ने बदली नीति, अब मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रमोशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने अपने अधिकारियों के लिए प्रमोशन की व्यवस्था में कुछ बदलाव किए हैं। अब सभी लेफ्टिनेंट जनरलों की उनके प्रदर्शन के आधार पर ही मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। यह नई प्रणाली 31 मार्च से लागू होगी और इसका उद्देश्य मेरिट के आधार पर चयन को बढ़ावा देना है। यह नई व्यवस्था भारतीय सेना को एकीकृत थिएटर कमांड्स में सेवा देने वाले लेफ्टिनेंट जनरलों के चयन में मदद करेगा।

यह नई नीति लेफ्टिनेंट जनरलों के लिए संशोधित वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) फॉर्म के तहत लागू की जाएगी। यह नई नीति सेना के 6 ऑपरेशनल कमांड्स और एक ट्रेनिंग कमांड के वाइस चीफ और कमांडर इन चीफ पर लागू नहीं होगी। आपको बता दें ऐसे आठ अधिकारी हैं जो लेफ्टिनेंट जनरल हैं, लेकिन वे अन्य थ्री-स्टार जनरलों से एक पायदान ऊपर हैं। भारतीय सेना में लगभग 11 लाख सैनिक हैं। सेना में 90 से अधिक लेफ्टिनेंट जनरल, 300 मेजर जनरल और 1,200 ब्रिगेडियर हैं।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने सूत्रों ने के हवाले से बताया कि नई नीति भारतीय सेना को भारतीय वायुसेना (आईएएफ) और भारतीय नौसेना से मेल खाने के लिए तैयार करेगी। सूत्र का कहना है, अब तक लेफ्टिनेंट जनरलों के लिए कोई एसीआर प्रणाली नहीं थी। अब उन्हें विभिन्न गुणों के आधार पर 1 से 9 तक के पैमाने पर रेटिंग दी जाएगी। उनका प्रमोशन सिर्फ वरिष्ठता पर निर्भर नहीं होगी, बल्कि प्रदर्शन के आधार पर होगी। थिएटर कमांड्स के निर्माण के कारण सेना के शीर्ष पदों पर सभी तीनों सेवाओं के लिए एक समान मूल्यांकन प्रणाली की आवश्यकता थी। सेना मुख्यालय के पत्र में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि यह नीति वाइस चीफ और सेना के सात कमांडर-इन-चीफ के चयन पर भी लागू होगी या नहीं। मौजूदा सेना नीति के अनुसार, कमांडर-इन-चीफ के पद पर प्रमोशन पूरी तरह से वरिष्ठता पर निर्भर करती है। इसमें जन्म तिथि और उपलब्ध पदों का भी ध्यान रखा जाता है। एक लेफ्टिनेंट जनरल जिसने सेना के 14 कोर में से एक का नेतृत्व किया हो, उसकी सेवा कम से कम 18 महीने बची हो, ताकि उसे कमांडर-इन-चीफ के रूप में प्रमोट किया जा सके।



नई नीति को लेकर कुछ अधिकारियों द्वारा विरोध भी व्यक्त किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, बहुत कम अधिकारी सेना की कड़ी संरचना में प्रत्येक चरण में मेरिट के आधार पर तय होते हैं और थ्री स्टार जनरल बनते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल के पद के बाद कमांडर-इन-चीफ पद पर प्रमोशन वरिष्ठता पर निर्भर थी। इस स्तर पर मेरिट को शामिल करने से हस्तक्षेप की संभावना बढ़ सकती है, चाहे वह राजनीतिक हो या कुछ और।

आपको बताते चलें कि यह नीति ऐसे समय में लागू की जा रही है जब भारत ने चीन, पाकिस्तान और भारतीय महासागर क्षेत्र के लिए तीन थिएटर कमांड्स के लिए ब्लूप्रिंट को अंतिम रूप दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुलाब का फूल देकर की समझाइश



**उदयपुर (पुकार)।** सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा शहर में आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष मुहिम चलाई गई। कोर्ट चौराहा पर वाहनधारियों को गुलाब का फूल भेंट कर हेलमेट पहनने और सीट बेल्ट का इस्तेमाल किए जाने के लिए प्रेरित किया। जिला परिवहन अधिकारी अतुल शर्मा ने बताया कि अभियान की शुरुआत में लोगों को समझाइश के तहत जागरूकता लाई गई। उपाधीक्षक यातायात अशोक अंजना ने नवाचार करते हुए यातायात नियमों की पालना नहीं करने वालों को स्पॉट पर थोड़ी देर रोक कर सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नमीचंद पारिख ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं की दर में कमी लाने हेतु आम जन को जागरूक करना अनिवार्य है। आगामी दिनों मे इस तरह के और जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। आधार फाउंडेशन के नारायण चौधरी ने बताया कि इस प्रकार की मुहिम को काफी लोगों ने सराहा।

### राज्य सरकार नहीं चाहती कि कमजोर, गरीब, शोषित और पीड़ितों के बच्चे अंग्रेजी शिक्षा हासिल करें

**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश के अंग्रेजी मीडियम स्कूलों की भाजपा सरकार की समीक्षा को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने एक बयान में कहा कि भजनलाल सरकार नहीं चाहती कि कमजोर, गरीब, शोषित और पीड़ितों के बच्चे अंग्रेजी शिक्षा हासिल करें। भाजपा सरकार द्वारा जिलेवार अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के रूपांतरण की समीक्षा हेतु कमेटी बनाने का जो निर्णय लिया है वह दर्शाता है कि सरकार नहीं चाहती कि गरीब, मध्यम वर्ग और अभावग्रस्त बालक-बालिकाएं अंग्रेजी शिक्षा हासिल करें। पूर्व में गहलोत सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन करते हुए हर वर्ग के बालकों के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती पर महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए वर्तमान में 3700 से ज्यादा सरकारी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में हर वर्ग के लाखों बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं जिससे हर वर्ग के बालक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ ले रहे है। शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा गठित चार सदस्यीय समीक्षा कमेटी में सिर्फ सरकार के मंत्री के अलावा ना तो कोई शिक्षाविद् है और ना ही कोई विशेषज्ञ जब से भाजपा की सरकार बनी है शिक्षा मंत्री से लेकर इनके कई नेता अंग्रेजी माध्यम स्कूलों पर ताला लगाने की नापाक कोशिश कर रहे है।

शर्मा ने कहा कि अंग्रेजी माध्यमिक स्कूलों को लेकर सरकार ने अगर कोई भी जनविरोधी या छात्र-छात्राओं अहित करने का निर्णय लिया तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में जन आंदोलन करेगी तथा सरकार के नाक में दम कर देगी।

### बजरंग सेना मेवाड़ ने किया मंत्री पटेल का स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** बजरंग सेना मेवाड़ द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वर्तमान में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल का उदयपुर प्रवास के दौरान बजरंग सेना मेवाड़ द्वारा भव्य अभिनंदन स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा देश हित में एवं समाज संगठन के हित के लिए हम जीना सीखें। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बजरंग सेना मेवाड़ के कमलेंद्र सिंह पंवार, जितेंद्र मेनारिया, पुखराज सिंह राजपुरोहित, करणवीर सिंह राठौड़, उमेश जीनगर, गोपाल जोशी, अविनाश व्यास आदि उपस्थित थे।

### इस नए साल, वी ने सुपरहीरो के साथ अपने एन्युअल रीचार्ज पोर्टफोलियो को बनाया मजबूत

**उदयपुर (पुकार)।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने हाल ही में उद्योग जगत के पहले प्रपोज़िशन 'सुपरहीरो' का लॉन्च किया है, जो दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा का एक्सेस देता है। जिसे हाई-स्पीड डेटा की बढ़ती ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। वे उपभोक्ता जो सालाना पैक या पैसा वसूल ऑफ र्स चाहते हैं, उनके लिए वी लेकर आया है तीन सर्वश्रेष्ठ एन्युअल रीचार्ज। जो मंथली प्लान की तुलना में 25 फ ीसदी बचत के फायदे देते हैं, साथ ही साल भर बिना रूकावट मोबाइल डेटा और एंटरटेनमेन्ट का अनुभव भी प्रदान करते हैं। वी के एन्युअल रीचार्ज प्लान में दोपहर 12 बजे से रात 12 बजे तक अनलिमिटेड डेटा शामिल है, इसके अलावा दिन के शेष 12 घण्टे के लिए 2 जीबी डेली डेटा कोटा तो है ही। इतना ही नहीं, वी सुपरहीरो पैक वीकेंड डेटा रोलओवर के फ ायदे भी देता है, जिसके तहत यूज़र सप्ताह के दिनों में बचे हुए डेटा को कैरी फ ॉरवर्ड कर सप्ताहान्त के दौरान इसे इस्तेमाल कर सकता है। इसके अलावा ये प्लान डेटा डिलाइट फ ीचर के साथ एमरजेन्सी डेटा टॉप-अप के फ ायदे भी देते हैं, जो महीने में दो बार बिना किसी शर्त के 1 जीबी अतिरिक्त डेटा देता है। कुल मिलाकर इन ढेरों फायदों वाला वी का एन्युअल सुपर हीरो पैक बेजोड़ फ ायदे लेकर आया है।

### कर्मचारियों की हड़ताल के समर्थन में आए छात्र नेता



**उदयपुर (पुकार)।** मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में चल रही एसएफ़एबी कर्मचारियों की हड़ताल को कई छात्र नेताओं ने समर्थन दिया। छात्र नेता मोहित नायक ने बताया कि विश्वविद्यालय एसएफ़एबी कर्मचारियों को 31 दिसंबर के बाद से सेवा विस्तार नहीं दिया गया है इसके बाद से लगातार प्रशासनिक भवन के बाहर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन जारी है, विश्वविद्यालय की सभी प्रशासनिक व्यवस्था चरमरा गई है। विश्वविद्यालय में बाहर से आ रहे कई छात्रों को माइग्रेशन एवं कई अन्य दस्तावेजों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से मांग की गई कि जल्द से जल्द इन कर्मचारियों के पक्ष में सकारात्मक समाधान करते हुए निर्णय लेवे अन्यथा विश्वविद्यालय को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया जाएगा।ज्ञापन एवं प्रदर्शन के समय एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मोहित नायक,पूर्व प्रदेश सचिव रोहित पालीवाल, अध्यक्ष देवेंद्र सिंह राठौड़, प्रदेश महासचिव गोपाल गायरी,समीर मेघवाल,कुनाल मेघवाल आदि कई छात्र नेता मौजूद रहे।

# उदयपुर केटरिंग डीलर्स समिति का कैलेंडर विमोचन

### खाने में समय सीमा घर के आयोजन से शुरू करूंगा : नरेश बंदवाल



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर केटरिंग डीलर्स समिति की और से नववर्ष - 2025 के आकर्षक रंगीन कैलेंडर का विमोचन बडी रोड स्थित रस्म रिसार्ट मे भव्यता और रगांरग रोशनी के साथ हुआ। इसके साथ ही समिति का नववर्ष स्नेह मिलन भी आयोजित हुआ।

समारोह मे मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, कैलेण्डर विमोचनकर्ता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र पालीवाल, वशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रमोद सामर, पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली, हिंदू जागरण मंच चित्तौड़ प्रांत रविकांत त्रिपाठी, हाडौती हलवाई कैटरर्स एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष अन्नू अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष जयपुर कैटरिंग डीलर समिति के अध्यक्ष मनोज सेवानी, उदयपुर अध्यक्ष कमल गुर्जर, सचिव नरेश बंदवाल सहित समिति के पदाधिकारियों ने कैलेण्डर का विमाचन किया।

मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि झीलों के शहर मे होने वाली सामान्य से लेकर शाही शादियों तक केटरिंग सममिमि से जुड़े लोग ना सिर्फ खाना परोसते है बल्कि संस्कृति भी परोसते है। इनके साथ देर रात तक खाना सविर्स देने की जो समस्या है उस पर भी विचार करने की आवश्यकता है।

समाजसेवी प्रमोद सामर ने कहा कि ये लोग दिन ओर रात करते है। हम 2 घण्टे में आनंद लेकर चले जाते है। यह अपना खून पसीना, बहाते है कि भोजन, सजावट, कैसे हो? इनका भी परिवार इंतजार करता है। यह विडम्बना है कि देर रात आयोजनों मे लेबर को काफी परेशानी होती है।

पूर्व राज्य मंत्री जगदीश राज श्रीमाली ने कहा कि रॉयल वेडिंग में शहर की विश्वसनीयता को केटरिंग व्यवसाय से जूड़े लोगो ने बरकरार रखा है। आपकी पाक कला की वजह से उदयपुर में रॉयल ओर डेस्टिनेशन वेडिंग होने लगी, मेहमानों को आपने खाना और स्वाद और सत्कार सब दिया। यही वजह है कि अब पर्यटन नगरी होने से 12 महीने आयोजन रहते है।

कैलेण्डर विमोचनकर्ता विप्र फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र पालीवाल ने कहा कि पर्यटन नगरी मे शाही शादियां, उद्योगपतियो की, राजनेताओं की शादियां होने लगी है इससे हमारी जिम्मेदारी बढ़ जाती है। लेकिन साथ ही साथ हमे यह भी सोचना होगा कि समिति अपने लेबरर्स के लिए जो सोच रखती है कि समय पर लेबर फ्री हो जाये, उस पर स्थानीय प्रशासन और सरकार से बात कर समय सीमा निर्धारित हो।

समिति के अध्यक्ष कमल गुर्जर ने कहा कि पूरे शहर मे समिति की और से नववर्ष और कैलेण्डर विमोचन को लेकर 40 स्वागत द्वारा लगाये गये है। उन्होने स्वागत उद्बोधन मे कार्यकारीणी का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन सभी की मेहनत और भामाशाहों के सहयोग से हुआ है।

समिति के सचिव नरेश बंदवाल ने कहा कि केटरिंग व्यवसाय मे आधी रात तक खाना उपलब्ध करवाना एक बडी चूनौती है। रात को 2 बजे 4 बजे तक खाना चलता है, और वापस सुबह 7 बजे नाश्ता देना होता है। ऐसे मे लेबर के लिए यह शोषण के समान है। ऐसे मे हम चाहते है कि साउंड व अन्य चीजो की तरह खानें की समय सीमा निर्धारित हो। एसोसिएशन इसके ए महासंघ से मंत्रणा करेगा और प्रशासन से भी बात करेगा। बंदवाल ने कहा कि इसकी शुरूआत मे स्वयं से करूंगा। मैरे घर मे कोई भी मांगलिक कार्यक्रम होने पर उसकी समय सीमा निर्धारित होगी। समारोह मे केटरिंग डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे

अन्न का हो मान यूसीडीएस का अभियान

कैलेण्डर विमोचन समारोह के दौरान समिति के पदाधिकारियों ने अभियान शुरू किया की आयोजनों मे भोजन की बर्बादी ना हो, इसके लिए अपने स्तर पर भी ओाजनों मे ध्यान रखा जाएगा। पोस्टर बैनर लगाये जाएंगे और मेहमानों से अपील भी की जाएंगी। इसके लिए समिति ने 'अन्न का हो मान यूसीडीएस का अभियान' का नारा भी दिया।

# तारक गुरु ग्रंथालय में जैन कॉफ्रेंस के सदस्यों की बैठक सम्पन्न



### राजस्थान जैन कॉन्फ्रेंस के चुनाव आज



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान जैन कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष के चुनाव के लिए आज तारक गुरु ग्रंथालय उदयपुर में जैन कॉन्फ्रेंस के सदस्यों की आयोजित मीटिंग में संजय भंडारी को जैन कॉन्फ्रेंस राजस्थान के अध्यक्ष पद पर जीताने का संकल्प लिया। अमर जैन साहित्य संस्थान के अध्यक्ष भंवर सेठ ने बताया कि रविवार को आयोजित इस चुनाव में समाज के प्रबुद्ध पदाधिकारियों सर्व निर्मल जैन पोखरना प्रदेश अध्यक्ष जैन कॉन्फ्रेंस, रजनी डांगी अध्यक्ष देवेंद्र धाम, उदयपुर, रोशन जी जैन मंत्री श्रावक संघ उदयपुर, सुरेश नागौरी अध्यक्ष श्रावक संघ, गणेश गोखरू अध्यक्ष तारक गुरु संस्थान उदयपुर के अतिरिक्त दिनेश चोरडिया, मांगी लाल वीरवाल, जीवन सिंह सिरोया, प्रवीण पोरवाल, बसंती लाल कोठीफोड़ा, एवं जितेंद्र बाबेल, मंजू सिरोया अध्यक्ष श्राविका संघ, के. एल नलवाया,शिखा सिंघवी पूर्व अध्यक्ष श्राविका संघ,सुमित्रा सिंघवी ,अनामिका सेठिया,ज्योति सिंघवी ,संदीप बोल्या आदि ने संजय भंडारी को मत एवं समर्थन देने की अपील की। इस अवसर पर सभी मंचासिन अतिथियों ने संजय भंडारी के समाज हित में जारी फोल्डर का विमोचन किया। 300 से भी अधिक समाज के सदस्यों ने बहुत अधिक वोटो से जिताने का संकल्प लिया। सेठ के अनुसार रविवार को उदयपुर में चुनाव देवेन्द्रधाम में होंगे। मंच संचालन श्रीमती स्नेहा बाबेल ने किया।

### पांच दिवसीय इन्द्रसिंह बारहठ स्मृति राजस्थान स्टेट जूनियर एवं अंतर ज़िला व ओपन टेनिस प्रतियोगिता प्रारम्भ

**उदयपुर (पुकार)।** पांच दिवसीय इन्द्रसिंह बारहठ स्मृति राजस्थान स्टेट जूनियर एवं अंतर ज़िला व ओपन टेनिस प्रतियोगिता शनिवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय एवं सुखाड़िया विश्वविद्यालय टेनिस कोर्ट पर प्रारंभ हुई।



प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि शनिवार को खेले गये मुकाबलों में बालक 10 वर्ष आयु वर्ग में अयान बागला (उदयपुर) ने ऑनिस शर्मा को 6-2 से, शार्दूल सिंह ने नीमन जैन को 6-2 से, देवित अग्रवाल ने शरण सिंह सच्चर को 6-3 से हराया। बालक 12 वर्ष आयु वर्ग में शार्दूल सिंह ने जयदीप सिंह को 7-1 से , अयान बागला ने पुर्विक पानेरी को 7-0 से, अनिश शर्मा ने कृष्णा साहनी को 7-4 से, कश्यप शर्मा ने दिग्विजय सिंह राणावत को 7-0 से, दिग्विजय सिंह चौहान ने आरव खंडेलवाल को 7-1 से हराया, बालक 14 -वर्ष आयु वर्ग में सार्थ भटनागर ने रुद्रा महल को 7-2 से, दिग्विजय सिंह राणावत ने कनिष्क रनवा को 7-3 से, पार्थ सक्सेना ने रक्षित चौहान को 7-1 से, विषमय धर्मावत ने भवायंश चौधरी को 7-1 हराया। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ रविवार को प्रातः 11 बजे राजस्थान कृषि महाविद्यालय के खेल प्रांगण में होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक, वाईस चांसलर, कृषि विश्वविद्यालय, विशिष्ट अतिथि सीएफओ डॉ विपिन चंद शर्मा होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योगपति नरेंद्र सिंह बारहठ करेंगे।

# पांच दिवसीय निःशुल्क पंचकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ

### आयुर्वेद चिकित्सा हर रोग में है मुफीद : विधायक ताराचंद जैन





**उदयपुर (पुकार)।** शहर के राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिन्धी बाजार में 38वें निःशुल्क पंच दिवसीय पंचकर्म चिकित्सा शिविर का शुभारम्भ शहर विधायक ताराचंद जैन के मुख्य आतिथ्य में शनिवार को हुआ। विधायक जैन ने कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति हर रोग के लिए मुफीद है और इस पद्धति को अपनाने से जटिल से जटिल रोग जड़ से समाप्त हो जाते हैं। विधायक ताराचंद जैन ने रोगियों की कुशलक्षेम पूछी और औषधालय में दी जारी सेवाओं की जानकारी लेते हुए समय-समय पर इस प्रकार के शिविर आयोजित करने के लिए पूरी टीम के प्रयासों की सलाहना की। इस अवसर पर आयुर्वेद उपनिदेशक डॉ राजीव भट्ट व समाजसेवी डॉ शिल्पा पामेचा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

शिविर प्रभारी डॉ शोभालाल औदिच्य ने अब तक आयोजित शिविर की सफलता और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंचकर्म शिविर में कटीबस्ती, जानुबस्ती, ग्रीवाबस्ती, नस्य, सर्वांग स्वेदन, स्थानिक अभ्यंग, सर्वांग अभ्यंग, स्थानिक स्वेदन, षष्टिशाली पिंडस्वेद, शिरोधारा, शिरोबस्ती, धारास्वेदन, बस्तीकर्म द्वारा रोगियों का पंचकर्म उपचार किया जा रहा है। चिकित्सा शिविर में डॉ शैलेन्द्र शर्मा, डॉ ज्योति सिंह देवल, डॉ संजय माहेश्वरी, वरिष्ठ नर्स इंदिरा डामोर, कम्पाउण्डर कंचन कुमार डामोर,चंद्रेश परमार, हेमंत्व पालीवाल, भगवती लाल लोधा, नर्स वंदना शक्तावत, रुक्मणि गायरी, कविता गुर्जर, परिचारक गजेन्द्र आमेटा, देवीलाल मेघवाल,लालुराम गमेती सेवायें दे रहे है।

### राज्यसभा सांसद गरासिया स्टडी विजिट टयूर में भाग लेने कोच्चि जाएंगे

**उदयपुर (पुकार)।** राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, भारत सरकार की पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस स्थाई समिति की ओर से आयोजित स्टडी विजिट टयूर में भाग लेने कोच्चि जाएंगें। भारत सरकार की पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस स्थायी समिति की ओर से 8 जनवरी से 13 जनवरी तक कोच्चि एवं मुंबई में आयोजित हो रहे स्टडी विजिट टयूर में राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया भाग लेने सोमवार को उदयपुर से कोच्चि के लिए रवाना होगें।

सांसद गरासिया ने बताया कि वे इस स्टडी विजिट ट्यूर में देश में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में मोदी सरकार की उपलब्धियों का गहराई से अध्ययन कर राजस्थान राज्य में इस क्षेत्र में और क्या संभावनाएँ विकसित की जा सकती है इस संबध में विशेष रूचि के साथ अध्ययन करेंगें।

# चौबीसा समाज की वालीबॉल प्रतियोगिता आरंभ

### सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन आज



**कानोड़ (पुकार)।** नगर के नृसिंह वाटिका में चौबीसा समाज की दो दिवसीय वालीबॉल प्रतियोगिता शनिवार को आरंभ हुई। आयोजकों ने डॉ. हरीश चौबीसा , महामाया प्रसाद, प्रेम शंकर, बिहारी लाल, गिरिजा शंकर व्यास, गिरिजा शंकर बोस ,अशोक उपाध्याय, नारायण व्यास, हितेश व्यास, चन्द्रशेखर विजावत, मणिशंकर व्यास का भगवान लक्ष्मीनारायण मन्दिर में स्वागत किया ओर ब्रह्मपुरी क्षेत्र में बैण्ड बाजों के साथ शोभायात्रा के रूप में नृसिंह वाटिका तक लाए , जहां उद्घाटन समारोह का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध गीत गायक प्रेम शंकर जोशी ने 'मनुष्य तू बडा महान है' गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। लीला शंकर व दिनेश व्यास को मुख्य निर्णायक मनोनीत किया गया। ध्वजारोहण के बाद खेलकूद प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। मुख्य प्रबन्धक महेन्द्र जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में सलूम्बर, नरपत की खेडी ,हिंता ,भीण्डर, कानोड, नीमडी सहित आसपास के चौबीसा समाज के गांवों से कुल 16 टीमें भाग ले रही है। कार्यक्रम में महामाया प्रसाद ने कहा कि मंच तो ओर भी मिल जाते है पर वह व्यक्ति भाग्यशाली होता है जिसे समाज अपने मंच पर स्थान दे इसलिए प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए ऐसे मंच का आयोजन होना चाहिए। राष्ट्रीय टीम में खेल चूके वालीबॉल के खिलाडी हर्षित व्यास ने कहा कि खेल तो अपने आप में रक्त में हीमोग्लोबिन बढाने वाला होता है लेकिन यह आनंद ओर भी बढ़ जाता है जब खेल अपनों के बीच हो।

उद्घाटन समारोह में आयोजक मण्डल के मुकेश विजावत, जनक विजावत, भूपेंद्र जोशी, शिव नारायण पुरोहित, मनिष उपाध्याय, दीपक व्यास का सम्मान किया गया तो परींडा अभियान व पक्षियों के लिए दाने डालने की लगातार व्यवस्था करने पर दीपक शर्मा का सम्मान किया गया तो शर्मा ने अभियान के लिए प्रमुख भामाशाह अशोक उपाध्याय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बेजान पक्षियों कि पीडा समझने व सहयोग करने का श्रेय जीव दया करने वालों को जाता है ।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने कहा कि चौबीसा समाज तो प्रतिभाओं का भण्डार है इसलिए एक होकर समाज को ऐसे कार्यक्रम करना चाहिए ,विद्यार्थियों को लिए कोचिंग की व्यवस्था होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र जोशी ने किया। प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। साथ ही रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिताए भी आयोजित होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### 53 ग्राम एमडीएमए जब्त, तीन गिरफ्तार

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के बड़गांव व सविना थाना पुलिस और जिला स्पेशल टीम ने दो अलग-अलग कार्रवाइयां करते हुए 53 ग्राम एमडीएमए बरामद करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

बडगांव थानाधिकारी पूरण सिंह ने बताया कि बड़ी क्षेत्र में मोहम्मद सहिद पुत्र मोहम्मद रफिक मंसूरी निवासी महावतवाडी और जहीर मोहम्मद पुत्र अली मोहम्मद निवासी अलीपुरा को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 11.15 ग्राम एमडीएमए बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने यह मादक पदार्थ मोहम्मद शाहरूख उर्फ साहिल डुंगा पुत्र मोहम्मद युनुस निवासी वर्मा कॉलोनी सविना से खरीदना बताया। गया। इसी तरह सविना थानाधिकारी अजय सिंह राव ने बताया कि मोहम्मद शाहरूख उर्फ साहिल डुंगा पुत्र मोहम्मद युनुस निवासी वर्मा कॉलोनी सविना के कब्जे से 41.03 ग्राम एमडीएमए, एमडीएमए बेचने में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक कांटा व परिवहन करते हुए एक स्कूटी बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

### रेस्टोरेंट संचालक पर मारपीट का आरोप

**उदयपुर (पुकार)।** शहर के सुखेर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने एक रेस्टोरेंट संचालक व उसके स्टॉफ के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार राजूलाल पुत्र मेघराज डांगी निवासी गोवला डबोक ने मामला दर्ज करवाया कि राहुल जैन, नाथूसिंह राठौड़, लालसिंह, दीपक सुथार सभी मिलकर हाईवे स्थित प्रेमगढ़ होटल पर खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद जब काउंटर पर पहुंचे तो बिल का ऑनलाइन पेमेंट करने के लिए कहा तो होटल संचालक मनखोश गुर्जर ने आते ही उसके सिर पर लकड़ी से वार कर दिया व उसके स्टाफ ने प्रार्थी और उसके साथियों के साथ मारपीट की। मारपीट के दौरान उसकी पेंट की पिछली जेब में 30 हजार रुपए गिर गए, वो भी उन्होंने ले लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पारस महल होटल के मैनेजर पर गबन का आरोप

**उदयपुर (पुकार)।** हिरण मगरी सेक्टर 11 स्थित होटल पारस में कार्यरत मैनेजर ने होटल में लाखों का गबन कर लिया।

पुलिस के अनुसार गजेन्द्र पुत्र परसुराम सुयल निवासी ए ब्लॉक शिकार बाड़ी ने रिपोर्ट दी कि हमारी होटल पारस महल में नवनीत पुत्र भंवर लाल सुहालका निवासी पैलेस मार्ग पिछोली को जुलाई 2023 में बतौर मैनेजर पद पर नियुक्त किया गया था। कुछ समय के बाद ही नवनीत सुहालका ने होटल से चोरी करना व गबन करना प्रारम्भ कर दिया। ग्राहकों से राशि प्राप्त कर उसे होटल में नहीं जमा करवाकर राशि खुर्दबुर्द कर दी। ग्राहक ने एक लाख रुपए 14 अप्रेल 2024 को अदा किए और उसकी शादी निरस्त होने पर राशि लौटाई जानी थी, जो नवनीत ने प्राप्त कर होटल में नहीं जमा करवाई।

इसके बाद नवनीत ने 50 हजार रुपए लौटा दिए। शेष 50 हजार रुपए के लिए ग्राहक द्वारा तकाजा करने पर पता चला कि नवनीत अमानत में खयानत कर रहा है। आरोपी ने राजेश सुहालका से 1 लाख रुपए, कौशल सिंह चौहान के 86 हजार, संदीप जैन के 29 हजार, हरीशचन्द्र के 12 हजार, श्याम प्रताप सिंह के 19 हजार, पारसमल जैन के 27 हजार, आर्यन अग्रवाल के एक लाख व मुस्तफा हिंता के 15 हजार रुपए यानी कुल 3 लाख 88 हजार रुपए गबन किया। 3 लाख 88 हजार रुपए की यह राशि ग्राहकों से बकाया चल रही है, जब इनसे पता किया तो ज्ञात हुआ कि उन्होंने नवनीत को भुगतान कर दिया है। रिपोर्ट पर सूरजपोल थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### निर्माणाधीन होटल से लाखों का वायर चोरी

**उदयपुर (पुकार)।** सीसारमा में निर्माणाधीन होटल से अज्ञात चोर लाखों रुपए का वायर चोरी हो गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार रमेश पुत्र भंवर लाल कोठारी निवासी दूधिया गणेशजी ने रिपोर्ट दी कि सीसारमा पेट्रोल पम्प के सामने मेरी होटल का निर्माण चल रहा है, जहां 26 दिसम्बर की रात को अज्ञात छह जने वायर चुरा कर ले गए जिनकी कीमत करीब 3 लाख रुपए है। पड़ोसी के चौकीदार ने मुझे बताया कि दुकान का ताला नहीं तोड़ कर चोर पाइप के सहारे ऊपरी हिस्से में चढ़े। मैंने अपने स्तर पर सीसीटीवी फुटेज चेक किए जिसमें छह बदमाश वारदात को अंजाम देते दिखाई दिए।

### मारपीट कर एक बुजर्ग की बेरहमी से हत्या

**उदयपुर (पुकार)।** गांव जा रहे परिवार के साथ कुछ युवकों ने मारपीट कर एक बुजर्ग की बेरहमी से हत्या कर दी।

पुलिस सूत्रों के अनुसार हतीश कुमार पुत्र सोमा उर्फ सोमालाल गमार निवासी बुझा छापली फला ने इस संबंध में दी रिपोर्ट में बताया कि गत दो जनवरी शाम करीब 6 बजे मैं, पिता सोमा उर्फ सोमालाल गमार, मां सीबी देवी माण्डवा से घर जा रहे थे। गांव के ही मदनपाल पुत्र पूनिया, पुनिया पुत्र थावरा, मोहन पुत्र पूनिया, सेजु पुत्र पूनिया, भूरिया पुत्र करमा, राईशा पुत्र पुनिया ने रास्ते में रोककर हमारे साथ मारपीट की। हमारे साथ लट्ठ, छुरे एवं पत्थरों से मारपीट की गई। हतीश ने तो भागकर जान बचा ली, परन्तु उन्होंने पिता सोमा की पीट-पीटकर हत्या कर दी। माण्डवा थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया।

### जेसीबी खरीद नहीं चुकाई फाइनेंस की किस्त

**उदयपुर (पुकार)।** जेसीबी खरीदकर 2 लाख रुपए नकद देने और 5 लाख रुपए की किस्तें जमा करवाने का एग्रीमेंट करने के बाद भी फाइनेंस की किस्तें नहीं जमा करवा धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार रामसिंह पुत्र जयसिंह देवडा निवासी मोरवल गोगुन्दा ने शिवराम पुत्र नंदलाल गुर्जर निवासी बडला भीलवाडा के खिलाफ रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि मेरे नाम पर एक जेसीबी है, जिसका मैंने 26 अप्रैल 2022 को शिवराम को जरिए विक्रय इकरार विक्रय किया था। वाहन की कीमत 7.20 लाख रुपए तयकर मुझे 2.20 लाख रुपए नकद तथा 5 लाख रुपए फाइनेंस की किस्तों में बकाया जमा करवाने की जिम्मेदारी शिवराम गुर्जर ने ली।विक्रय में एक दलाल चिराग पालीवाल था। रामसिंह को 1.40 लाख रुपए ही नकद दिए व शेष 80 हजार रुपए चिराग पालीवाल ने हड़प लिए। शिवराम गुर्जर ने वाहन पर फाईनेस की एक भी किस्त जमा नहीं करवाई है जिससे फाईनेंस कम्पनी वाले प्रार्थी को परेशान कर रहे हैं। इस पर प्रार्थी ने आरोपी से सम्पर्क किया तो उसने जान से मारने की धमकियां देते हुए किस्त जमा करवाने से मना कर दिया। रिपोर्ट पर गोगुन्दा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मिले भाजपा नेता

**उदयपुर (पुकार)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उदयपुर डबोक एयरपोर्ट पर आगमन पर राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया, सांसद मन्नालाल रावत, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष रविंद्र श्रीमाली, देहात जिला अध्यक्ष चन्द्रगुप्त सिंह चौहान, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक प्रमोद सामर, पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा कन्हैयालाल मीणा, पूर्व जिलाध्यक्ष भंवर सिंह पंवार, जिला महामंत्री गजपाल सिंह राठौड़, देहात जिला महामंत्री दीपक शर्मा, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, नगर निकाय प्रकोष्ठ उदयपुर संभाग प्रभारी नानालाल बया, भाजपा जिला मंत्री दीपक बोल्या, करण सिंह शक्तावत आदि ने उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं से विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श किया।

### भगवान परशुराम हैं आयुष वर्धन देवता

**बांसवाड़ा (पुकार)।** विप्र फाउंडेशन द्वारा संचालित इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर परशुराम कॉन्शियसनेस की चेयरमेन दिल्ली निवासी डॉ. हर्षा त्रिवेदी एक दिवसीय प्रवास पर बांसवाड़ा रही। डा. हर्षा त्रिवेदी ने मंदारेश्वर महादेव मन्दिर पर जलाभिषेक कर प्राण प्रतिष्ठा पूर्वक नव स्थापित भगवान परशुरामजी की पंच धातु से निर्मित साढ़े साथ फीट ऊंची प्रतिमा के दर्शन तथा पूजा की। साथ ही निर्माणाधीन मंदिर का अवलोकन किया। त्रिवेदी ने मंदारेश्वर महादेव मन्दिर पर विप्र फाउंडेशन द्वारा संचालित अखंड अन्न क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए सराहना की। विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा इकाई ने डॉ. हर्षा त्रिवेदी के बांसवाड़ा पहुँचने पर मोती गार्डन मे शॉल, उपरना ओढ़ा कर भव्य स्वागत किया। नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव की अध्यक्षता मे और राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी के मुख्य आतिथ्य मे आयोजित स्वागत समारोह मे अपने उद्बबोधन में डॉ. हर्षा ने भगवान परशुराम को रोगनाशक और आयुस्य वर्धन का देवता और सर्वसमाज के लिए कल्याण कारी बताया। डॉ. हर्षा त्रिवेदी ने इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर परशुराम कोंशियसनेस संस्था का उद्देश्य भगवान परशुराम के मंदिरों का जीर्णोद्धार, विकास, एवं जनमानस को उनके आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित कर वसुधैव कुटुंबकम की संकल्पना को साकार करने, देश-विदेश मे सनातन मुल्यो की पुर्नस्थापना, साहित्यिक, सांस्कृतिक, सांस्कारिक, गतिविधियों के माध्यम से अपना योगदान देने जैसे उद्देश्य बताए।

गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर शनिवार को फिर बड़ा हादसा

# अनियंत्रित ट्रेलर ने ट्रेवलर को पीछे से मारी टक्कर, किशोरी की मृत्यु, सात घायल

**उदयपुर (पुकार)।** गोगुंदा-पिंडवाड़ा हाईवे पर शनिवार को फिर बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में एक युवती की मृत्यु हो गई, वहीं दो बच्चों सहित सात लोग घायल हो गए। बेकरिया थाना क्षेत्र के खोखरिया नाल के समीप उदयपुर से पिंडवाड़ा हाईवे पर एक ट्रेलर ने खोखरिया नाल के पास पहले एक बाइक सवार को चपेट में लिया। बाद में कुछ ही दूरी पर यात्रियों से भरे टेम्पो ट्रेवलर को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार का अभी पता नहीं लग पाया है, जबकि टेम्पो ट्रेवलर में दौसा के लोग सवार थे, जो माउंट आबू घूमने जा रहे थे। ट्रेलर की टक्कर लगने से ट्रेवलर में पीछे की सीट पर बैठी दौसा निवासी किशोरी की मृत्यु हो गई, वहीं अन्य सवारियां घायल हो गई। टक्कर लगने से ट्रेलर चालक अपनी केबिन में फंस



गया था जिसे बड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका और एंबुलेंस से हॉस्पिटल रेफर किया।

थानाधिकारी उत्तम सिंह ने बताया कि टेम्पो ट्रैवलर से सवार दौसा के रहने वाले माउंट आबू घूमने निकले थे। एक छोटे बच्चे को उल्टी हो रही थी जिससे टेम्पो ट्रेवलर को ड्राइवर ने हाईवे किनारे रोका था। इसी दौरान अनियंत्रित ट्रेलर ने टेम्पो ट्रेवलर को टक्कर मार दी। हादसे में टेम्पो ट्रेवलर सवार प्रांजल (17) पुत्री राकेश रावत की मृत्यु हो गई। प्रांजल 12वीं की छात्रा थी तथा पीछे की सीट पर बैठकर पढ़ रही थी। वहीं सात अन्य सवारियां घायल हो गई।

हादसे में सुनीता पति राकेश, अंकुर पुत्र भगवान रावत, दिलीप कुमार पुत्र सतीश जलानी, अनीता पत्नी अंकुर रावत, ट्रेलर चालक पुखराज निवासी भीलवाड़ा घायल हुए। इनमें से दिलीप जलानी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, वहीं अंकुर रावत के बेटों तेजस और ओजस भी चोटिल हुए हैं। इन सभी का उदयपुर के एमबी अस्पताल में उपचार जारी है।

## बेकरिया हादसे में एक और की मृत्यु

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर-पिण्डवाड़ा हाईवे पर शुक्रवार को हुए हादसे में एक और घायल की मौत हो गई है। हादसे में मरने वालों की संख्या छह हो गई है। पुलिस के अनुसार उदयपुर-पिण्डवाड़ा हाईवे पर शुक्रवार को मालवा का चौरा पुलिया के पास सालेरिया गांव से हाईवे पर आने के लिए बने कट से सवारियों से भरा एक ऑटो निकल रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार में आए ट्रेलर ने ऑटो को चपेट में ले लिया। टेम्पो में 14 सवारियां थीं जिसमें से पांच की मौत हो गई थी। नौ गंभीर रूप से घायलों को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया, जहां पर सुरेश (11) पुत्र मंशाराम गरासिया निवासी सालरिया बेकरिया की मौत हो गई। सूचना पर बेकरिया पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजना के सुपुर्द कर दिया। इस दुर्घटना में मृतकों की संख्या 6 हो गई है।

## लूट, हत्या, डकैती का हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार



**उदयपुर (पुकार)।** हिरणमगरी थाना पुलिस ने शनिवार को लूट, हत्या, डकैती व अपहरण के हार्डकोर अपराधी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दर्शनसिंह के अनुसार दिव्यांशु चौधरी ने रिपोर्ट पेश की कि 17 फरवरी 2019 को घर से कार लेकर भोजन करने के लिए निकला। जब मैं सेक्टर 3 मैन रोड को क्रॉस करने के लिए डिवाइडर के पास रुका तो मेरी कार के सामने दो से तीन लोग आ गए। उनमें से एक व्यक्ति ने झपट्टा देकर कार की चाबी निकाल ली। इस दौरान दो अन्य व्यक्ति भी आ गए। इसके बाद मुझे खींच कर कार में पीछे की ओर धकेल दिया और वे गाडी स्टार्ट कर रवाना हो गए। वे गाड़ी को तेज गति से चित्तौड़गढ़ रोड की ओर ले गए। उन्होंने मेरे साथ धक्का मुक्की एवं मारपीट की और कीर की चौकी होते हुए भीण्डर रोड जाकर सुनसान जगह पर मुझे धक्का देकर नीचे उतार दिया। इस रिपोर्ट के बाद पुलिस टीम ने हार्डकोर अपराधी जितेन्द्र उर्फ जीतू को प्रोडेक्शन वारण्ट से दौसा जिले से गिरफ्तार किया। साथ ही चुराई गई कार भीलवाडा में सोनी रॉयल इनफील्ड शोरूम के बाहर से लावारिस हालात में बरामद की।

# बिना स्वीकृति 6 मंजिल निर्माण को किया सीज

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम द्वारा शनिवार को फिर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए बिना स्वीकृति किए गए 6 मंजिला निर्माण को सीज किया गया।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शहर में जहां पर भी अवैध निर्माण या स्वीकृति विपरीत निर्माण किया गया है उन सभी पर नियम अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम नियम विपरीत किए गए कार्यों को कभी भी अनदेखा नहीं करेगी।

**यहां हुई कार्रवाई :** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि शनिवार को शहर के अंबामता स्थित राडा जी चौराहा पर बिना स्वीकृति 6 मंजिला अवैध निर्माण किया गया था। भूखंड पर बेसमेंट, भूतल और छः मंजिल अवैध होटल, फूड प्लाजा आदि व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर सड़क मार्ग को अवरूद्ध किया जा रहा था। जिस पर नगर निगम द्वारा संपूर्ण परिसर को सीज़ किया गया।

**निगम अधिकारी, कर्मचारी रहे मौके पर :** शनिवार को नगर निगम द्वारा की गई कार्रवाई के दौरान सहायक नगर नियोजक शुचिता कोठारी, विजय डामोर, राजस्व निरीक्षक विजय जैन, वरिष्ठ सहायक जितेंद्र मेघवाल, पुलिस जवान आदि उपस्थित रहे।

मौके पर बेसमेंट निर्मित पाया गया। भूतल पर व्यावसायिक दुकान संचालित की जा रही है। उक्त निर्माण




शुन्य सेटबेक पर किया गया था एवं सामने की तरफ बाहर 5% की बालकनी एवं साइड में बाहर सडक सीमा में 2% बालकनी का निर्माण किया गया है। पहली, दूसरी , तीसरी, चौथी, पांचवीं मंजिल व्यावसायिक उपयोग में लिया जा रहा है। उक्त सभी निर्माण शुन्य सेटबेक पर किया गया है। पांचवीं मंजिल के ऊपर आंशिक निर्माण कर रूफ टॉप रेस्टोरेंट भी संचालित किया जा रहा था।

# डांगी समाज की खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 14 जनवरी को करेंगे शिरकत

**डांगी समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर दिया निमंत्रण**



**उदयपुर (पुकार)।** डांगी पटेल समाज की 13 और 14 जनवरी को कानपुर खेड़ा स्थित रॉयल स्टेडियम में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भजनलाल लाल शर्मा 14 जनवरी को शिरकत करेंगे। डांगी सेवा संस्थान खेल संघ के बैनर तले आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी शिरकत कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएंगे। शनिवार को वल्लभनगर विधायक और खेल संघ के अध्यक्ष उदयलाल डांगी के नेतृत्व में डांगी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात कर 37 वी खेलकूद प्रतियोगिता में आने का न्योता दिया।

हर वर्ष की तरह आयोजित इस वर्ष भी 37वीं डांगी पटेल समाज की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रॉयल खेड़ा स्टेडियम पर आयोजित होगा। जिसको लेकर पहले महापंचायत का आयोजन किया गया था जिसमें निर्णय लिया गया था कि डांगी समाज के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें निमंत्रण देंगे और उनसे समय भी मांगा जाएगा। शनिवार को समाज के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री शर्मा को खेलकूद प्रतियोगिता में आने का निमंत्रण दिया इस पर मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए प्रतिनिधि मंडल से कहा कि वह जरूर इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

वल्लभनगर विधायक और खेल संघ के अध्यक्ष उदयलाल डांगी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके निमंत्रण को स्वीकार किया है और 14 जनवरी को कार्यक्रम में शामिल होना बताया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यक्रम में आने के निमंत्रण स्वीकार करने के बाद डांगी पटेल समाज में भी हर्ष की लहर है । समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शिरकत करेंगे तो समाज में भी जागरुकता आएगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को निमंत्रण देने के दौरान विधायक उदय लाल डांगी , गिर्वा के अध्यक्ष गोपाल पटेल ,हेमा पटेल खेल संघ से रमेश पटेल केसूलाल डांगी, रामलाल डांगी, गणेश लाल डांगी, शंकर डांगी, गंगाराम डांगी, नारायण डांगी, शंकर डांगी ,दुदाराम डांगी,गेहरी लाल डांगी ,प्रकाश पटेल, दिनेश डांगी, दौलतराम डांगी ,मांगीलाल डांगी नरेश पटेल,चौखा पटेल, जगदीश पटेल, अनिल डांगी ,पवन डांगी, मोतीलाल डांगी ,ताराचंद डांगी , मोहन डांगी, हीरालाल डांगी, अंबालाल डांगी, सहित कई लोग मौजूद थे।

# चुंटीली व्यंगात्मक कविताओं को सुनकर दर्शक लोटपोट हुए

**उदयपुर (पुकार)।** जिला प्रशासन उदयपुर एंव रोटरी कलब मेवाड़ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को सुखाड़िया रंगमंच पर पं. विश्वेश्वर शर्मा गीत सम्मान 2024 के तहत विराट कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें हास्य, व्यंग,पैरोडी,श्रंगार, वीर रस के मिश्रण ने इस कवि सम्मेलन में चार चांद लगा दिये। कवियों ने अपनी-अपनी रचनाओं से सभी का दिल जीत लिया। कवि सम्मेलन की शुरूआत शिखा दीप्ति दीक्षित की सरस्वती वंदना शारदे वर दे ,राग में वीणा वादिनी... से हुई।

सुमित ओरछा ने सनातन संस्कृति,राम-हनुमान से जुड़ी कथाओं पर अपनी रचनाये प्रस्तुत की तो हॉल तालियों से गूंज उठा। अपनी रचना उमंग आ गयी तो जय श्रीराम,कुछ छिन गया तो राम की ईच्छा.., किसी का अपमान नहीं करता,हड़काता नहीं हूँ, जगाता हूँ मैं भारत को,कभी भड़काता नहीं हूँ, हो भारत श्रेष्ठ दुनिया में यही आँखों में सपना है, जो इस भूमि में जन्मा है वो भाई है वो अपना है, ... पर हॉल तालियों से गूंज उठा। उन्होंने उत्तरप्रदेश के परिप्रेक्ष्य में कहा कि






धरती पर अवतार होते रहते है।

भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा से आये पैरोडीकार कैलाश मण्डेला ने पैराडी में अपनी रचना मैं जमानत के कागजात ले के आया हूं...,कुर्सी पर दाग छुडाउं कैसे, लागा कुर्सी पे दाग,कुर्सी पे दाग छुडाउ कैसे और बचाउं कैसे...सुनायी तो सभी हंस-हंस के लोटपोट हो गये।

डीग राजस्थान के कवि सुरेन्द्र सार्थक ने कविता पाठ करते हुए अपनी रचना खुले आकाश में अपनी कमाई छोड़ देते हैं,मठा से पेट भरते हैं मलाई छोड़ देते है,अगर तुम झूठ भी कह दो मवेशी खेत में तेरे, कड़कती ठंड में झट से रजाई छोड़ देते हैं...पर दर्शक हंसे बिना नही रह सकें।

कवि बुद्धिप्रकाश दाधीच की रचना गुलोगुलशन से महकते जहान देखें हैं,हमने मुश्किल में सिकन्दर महान देखें हैं,भूलकर नाज ना करना उधारी किस्मत पे,हमनें बारिश में भी जलते मकान देखें है...पर तालियों की खूब दाद मिली।

वरिष्ठ कवि आगरा के रामेन्द्र मोहन त्रिपाठी ने रचना इश्कन इश्कन हवा चली, गुल से लिपट गई तितली, हमनें तो पूरी कोशिश की, नहीं मिली तो नहीं मिली... पर दर्शकों तालियों से स्वागत किया। कवि सम्मेलन का सफल संचालन करते हुए उदयपुर के प्रसिद्ध कवि राव अजातशत्रु ने अपनी चुटिली टिप्पणियों और रसभरी बातों से कवि सम्मेलन में प्राण डाल दिए। उन्होंने अपनी रचना पति की अर्थी को कन्धा क्षत्राणी ही दे सकती है,परमाणु विस्फोट यहाँ की धरती ही सह सकती है, गोरा बादल राजस्थान, शेरों का दल राजस्थान गीत को दर्शकों का पूरा साथ मिला। श्रृगांर रस की कवियित्री शिखा दीप्ति दीक्षित समझकर सार जीवन का मैं गीता बनके निकलूंगी ,समर्पण कर स्वंय का मैं विनीता बनके निकलूंगी,मेरी आंखों के दंडकवन में तुम वनवास तो काटो, मुझे है राम की सौगंध सीता बनके निकलूंगी... पर दर्शकों ने तालियों की दाद दी। इस अवसर पर कवि कैलाशी पुनीत ने भी अपनी रचानायें प्रस्तुत की। प्रारम्भ में पं. विश्वेश्वर शर्मा द्वारा रचित गीतों सहित अपने जीवनी का प्रजेन्टेशन दिया गया। प्रारम्भ में मुख्य अतिथि पूर्व मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य लक्ष्यराजसिंह मेवाड़,समारोह अध्यक्ष जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, सहित सभी कवियों का पगड़ी एवं स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में क्लब संरक्षक हसंराज चौधरी, रोटरी क्लब वसुधा की अध्यक्ष श्रीमती शरद राठौड़,क्लब अध्यक्ष डॉ.स्नेहदीप भाणावत, सचिव सुनीत ओरड़िया,योगेश पगारिया,रोटरी के पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी,संदीप सिंघटवाड़िया, आरएनटी मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ.आर.एल. सुमन,सहित अनेक क्लब सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अनिल मेहता ने किया।

# एमपीयुएटी एवं हार्टफुलनेस संस्थान के बीच एमओयु पर हस्ताक्षर

**उदयपुर (पुकार)।** हार्टफुलनेस मेडिटेशन संस्थान एवं महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोध्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सत्र पर्यन्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ के व्यक्तित्व विकास, आत्मिक उन्नति ,आत्मविश्वास, एवं आध्यात्मिक विकास के लिए निःशुल्क कार्यक्रम आयोजन के लिए इस आशय के समझौता पत्र (एम.ओ.यू)पर हस्ताक्षर किये गए। यह समझौता आगामी अवधी बढ़ाने या न्यूनतम 5 वर्ष के लिए मान्य रहेगा। समझौता पत्र पर एमपीयुएटी के कुलपति डॉ अजीत कुमार कर्नाटक एवं हर्टफुलनेस केन्द्र समन्वयक, उदयपुर डॉ राकेश दशोरा ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर हार्टफुल कैंपस प्रोग्राम की जानकारी



देते हुए डा राकेश दशोरा ने बताया कि हार्टफुलनेस संस्थान एक अलाभकारी आध्यात्मिक संस्थान है जो हृदय पर ध्यान के अभ्यास के माध्यम से व्यवहार एवं सोच में स्थायी बदलाव एवं आंतरिक सन्तुलित से मन को प्रसन्न एवं शांत रखने की कला सिखाती है। संस्थान हार्टफुल केम्पस प्रोग्राम के माध्यम से विश्वविद्यालय के छात्रों एवं स्टाफ के लिए निःशुल्क विविध व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अवसर पर बोलते हुए डॉ अजीत कुमार कर्नाटक ने कहा कि हार्टफुलनेस संस्थान के साथ किया गया यह समझौता विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को तनाव मुक्त, अधिक ऊर्जावान रखने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने विगत 2 वर्ष में 28 से अधिक अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं इनमें वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया और सेंट्रल लुजोन स्टेट यूनिवर्सिटी फिलिपींस इत्यादि प्रमुख है । उन्होंने बताया कि विगत दो वर्षों में विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट अनुसंधान एवं शोध पत्रों के प्रकाशन के कारण विश्वविद्यालय का एच इंडेक्स सर्वकालिक उच्च स्तर 77 को छू गया है । विश्वविद्यालय के उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए माननीय राज्यपाल महोदय ने विश्वविद्यालय को प्रथम कुलाधिपति पुरस्कार से सम्मानित किया था विद्यालय के उच्च स्तरीय प्रसार कार्यों को देखते हुए विश्वविद्यालय का स्मार्ट विलेज राज्य वित्त वर्ष पोषित विश्वविद्यालयों में सर्वोच्च स्थान पर है। उन्होंने बताया कि एमपीयुऐटी आवश्यकता आधारित गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन के प्रशिक्षण, बुनियादी अनुसंधान, कृषि बागवानी, वानिकी, मृदा संरक्षण, जल संरक्षण, पशुपालन मत्स्य पालन, महिला एवं बाल विकास, कृषि अभियांत्रिकी इत्यादि अनेक क्षेत्रों में विभिन्न शैक्षणिक अनुसंधान और प्रसार कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इस प्रकार के समझौते के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में आत्मिक एवं व्यक्तित्व विकास से मानव संसाधन विकास की समस्याओं का आसानी से समाधान किया जा सकेगा।

## पिछोला में डूबने से युवक की मौत

**उदयपुर (पुकार)।** पिछोला पर गाइडिंग करते हुए एक युवक की चक्कर आने से झील में डूबने से मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार देवेन्द्र सिंह (37) पुत्र राजेश्वरसिंह रावत निवासी जलापा भीम हाल नीमच खेड़ा पिछोला किनारे गाइडिंग का काम करता था। शुक्रवार शाम को वह पिछोला की पाल पर खड़ा था। इस दौरान चक्कर आने से वह झील में गिर गया। साथियों ने उसे तत्काल बाहर निकाल कर एमबी चिकित्सालय पहुंचाया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर घंटाघर पुलिस ने पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# सम्पादकीय

## ज़हरीला भूजल

पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है।

निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें। सरकारों की ओर से मुफ्त सिंचाई की सुविधा के सवाल पर भी पुनर्विचार किया जाना चाहिए। दरअसल, हमें जो चीज मुफ्त उपलब्ध हो जाती है, हम उसके उपयोग में किफायत नहीं बरतते। हमें हर मुफ्त चीज की बड़ी कीमत कालांतर चुकानी पड़ती है। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट राजस्थान व गुजरात के भूजल में निर्धारित मानक से अधिक फ्लोराइड होना बताती है। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी है कि कई स्थानों पर मानसून के बाद पानी गुणवत्ता में सुधार देखा गया। ऐसे में हमें वर्षा जल को धरती में रिचार्ज करने की दिशा में गंभीरता से सोचना चाहिए। दरअसल, रिपोर्ट बताती है कि बारिश के पानी के रिचार्ज होने से घातक पदार्थ का असर कम हो जाता है। गंभीर बात यह भी है कि इस रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 440 जिलों के भूजल में नाइट्रेट खतरनाक स्तर तक पाया गया है। जो कि अनेक गंभीर बीमारियों का कारक बन सकता है। इस गंभीर संकट पर समाज, सरकार व स्वयंसेवी संगठनों को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें...

### भूपालसागर में शान्ति समिति की बैठक सम्पन्न

**आकोला।** पुलिस थाना परिसर भूपालसागर में डीवाईएसपी हरजीलाल यादव थानाप्रभारी तुलसीराम आचार्य की मौजूदगी में सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे सोशल मीडिया का उपयोग सोच समझकर करे। इसका गलत इस्तेमाल समाज व राष्ट्र के लिए हानिकारक हो सकता है। भूपालसागर में शांति व भाईचारे की भावना का प्रतीक रहा है। कपासन डीवाईएसपी कहा चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए कहा कि जहां भी डिपी लग रही हे उन किसानो से मिले ओर जानकारी देवे ओर पुलिस को आमजन का सहयोग जरूरी है। बैठक में कस्बे की समस्याओं को लेकर भी चर्चा की गई। कस्बे में कोई भी अनजान व्यक्ति नजर आये तो उसको चिन्हीत करके पुलिस को सुचना देवे।इस मौके पर सरपंच प्यार चंद भील, वरिष्ठ सदस्य बलवंत सिंह ओस्तवाल, उप सरपंच विजय अग्रवाल, वार्ड पंच अशोक चपलोत, पंचायत समिति सदस्य सुरेश गाडरी, कांकरवा सरपंच प्रतिनिधि कर्नल सिंह चौहान, रोनक सोनी, बालुराम जाट, बाबुदीन रंगरेज , अजगर अली, रतन सिंह, अरविंद दाधीच, लादु माली, पत्रकार अरविंद गर्ग पुलिस थाने का जाप्ता मोजूद रहा तथा समस्त सीएलजी सदस्य, ग्राम रक्षा दल, मौजूद रहे। कांकरवा, जाशमा , रावतिया, बुल , बबराणा, पारी, मटुनिया आदि गांव के सीएलजी मेम्बर मोजुद थे।

### जिला कलेक्टर ने हाथों हाथ दिया 20 हजार रुपए का ऋण

**चित्तौड़गढ़ ।** जिला कलेक्टर आलोक रंजन के द्वारा नव वर्ष पर लाल दास फल विक्रेता को पीएम स्वनिधि योजना एवं स्वनिधि में रुपए 20 हजार का स्वरोजगार हेतु ऋण हाथों-हाथ दिलवाया गया। शुक्रवार को लाल दास पिता गिरधारी दास फल विक्रेता निवासी कपड़ा बाजार चितौड़गढ़ उम्र 58 साल अपनी आमदनी का कोई स्रोत नहीं था रोजगार के लिए रुपए नहीं थे प्रधानमंत्री की पीएम स्वनिधि से समृद्धि की जानकारी जिला परियोजना अधिकारी राष्ट्रीय शहर आजीविका मिशन नगर परिषद चितौड़गढ़ विनोद कुमार गन्ना से ली तो उन्होंने तत्परता दिखाते हुए इस योजना के अंतर्गत फॉर्म ऑनलाइन भरवा कर ग्रामीण बूंदी बड़ौदा बैंक के द्वारा बैंक मैनेजर आर के जाट एवं शालिनी भाटी के द्वारा 20 हजार का ऋण जिला कलेक्टर रंजन के द्वारा दिलवाया गया

### पांच बत्ती चौराहे पर होगा नाला निर्माण, सोमवार से वैकल्पिक मार्गो से होगा आवागमन



**कपासन ।** नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता खेमराज गुर्जर द्वारा बताया गया कि नगर पालिका कपासन द्वारा पांचबत्ती चौराहे से अविविनिलि ऑफिस के सामने स्थित सामुदायिक भवन तक नाला निर्माण किया जा रहा है।इस दौरान लगभग 7 दिन तक पांच बत्ती चौराहे से गुजरने वाले ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गो से संचालित किया जाएगा। चित्तौड़गढ़ की ओर से आने वाली बसें एवं अन्य वाहन शिवाजी चौक से गुलाब सागर की पाल होते हुए पुनः फोरलेन की तरफ अथवा सेठ जी की बगीची की ओर जा पाएंगे।

इसी प्रकार उदयपुर से कपासन की ओर आने वाली बसें अपने यात्री सेठ जी की बगीची के पास उतार कर गुलाब सागर की पाल होते हुए उन्हें फोरलेन की तरफ जा सकेगी। इसी प्रकार धमाणा की ओर से आने वाली बसें यात्रियों को चुंगी नाका पर उतार कर कृषि उपज मंडी होते हुए हाईवे स्थित सुंदर सिंह भंडारी बस स्टैंड तक पहुंचेगी।

नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती मंजू देवी सोनी ने आमजन से आग्रह किया कि 7 दिन तक अपने वाहन हेतु वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर पालिका द्वारा जारी विकास कार्यों में अपना सहयोग प्रदान करें।

### डांगी पटेल समाज मेवाड़ मालवा चौखला की मीटिंग संपन्न

**बड़ीसादड़ी ।** आसावरा माताजी बोहेड़ा- बानसी रेलवे स्टेशन के हनुमान मंदिर में डांगी पटेल समाज मेवाड़ मालवा चौखला की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें सभी पंचों द्वारा सर्व सहमति से यह निर्णय लिया गया कि समाज की कार्यकारिणी गठित की जाएगी जिसमें अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, प्रवक्ता, संयोजक व कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव द्वारा चयन किया जाएगा। इस हेतु प्रत्येक गांव से सदस्यता अभियान चला कर वोटर लिस्ट तैयार की जाएगी जिसमें प्रत्येक गांव से 2 से 5 कार्यकर्ताओं की टीम तैयार की गई जो की वोटर लिस्ट तैयार करने का कार्य करेगी और यह कार्य 28 फरवरी 2025 से पूर्व करना है चुनाव के लिए संभावित तिथि अप्रैल- मई महीने में रखी जाएगी जो की अगली मीटिंग में तय कर ली जाएगी। अगली मीटिंग 12 जनवरी 2025 रविवार को बोहेड़ा पंचायती नोहरे में आयोजित की जाएगी।

## प्रयास संस्थान द्वारा ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता एवं युवा सम्मेलन का समापन

**शंभूपुरा (पुकार) ।** सशक्त युवा सशक्त समाज प्रयास संस्था द्वारा युवाओं में वैज्ञानिक सोच एवं खेल भावना विकसित करने की उद्देश्य है दिनांक दो एवं 3 जनवरी 2025 को ग्रामीण खेलकूद क्रिकेट एवं कबड्डी प्रतियोगिता एवं युवा सम्मेलन का आयोजन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घटियावली में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ नरेंद्र गुप्ता सलाहकार प्रयास ने शुभारंभ सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद से युवाओं में अनेक प्रतिभाएं विकसित होने के साथ ही उनका मानसिक और शारीरिक विकास होता है। सभी की मजबूत आर्थिक स्थिति और बेहतर जीवन के लिए युवाओं को अपना तकनीकी ज्ञान और वैज्ञानिक सोच का विकास करना होगा। ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता के शुभारंभ में यशोदा देवी कुमावत सरपंच घटियावली, सहायक परियोजना अधिकारी योगेश कुमार शर्मा, उपसरपंच ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी, पंचायत समिति सदस्य गोपाल कुमावत, दीनदयाल उपाध्याय प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय घटियावली, मनीष कुमार मंगोलिया शाखा प्रबंधक राजस्थान बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक चित्तौड़गढ़ ने विचार व्यक्त करते हुए सभी को विजय होने और निरंतर प्रगति की शुभकामनाएं प्रदान की है। इस आयोजन के समापन समारोह में खिलाड़ियों सहित सेकड़ो ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने भाग लिया। समापन के अवसर पर डॉ नरेंद्र गुप्ता, उपसरपंच ज्ञानेश्वर पूरी गोस्वामी, जेईएन प्रशांत कुमार सिंह, एएसआई रणजीत सिंह ने क्रिकेट में विजेता टीम माताजी कि ओरडी ओर उपविजेता टीम खेड़ी चारणान, कब्बडी में पुरुष विजेता टीम घटियावली सहित अन्य विजेता उपविजेता टीमो को अतिथियों ने स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इन प्रतियोगिताओं का संचालन वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक जितेंद्र सिंह शक्तावत, विनोद सोमानी, गिरिराज सोमानी ने किया। सतपाल सिंह, रविकुमार वैष्णव सहित अन्य ग्रामीणों ने सेवाए प्रदान की। प्रयास सेक्टर से रामचन्द भील व माधवलाल ने सभी का आभार प्रकट किया।



## सैनिक स्कूल में प्रवेश हेतु ऑनलाइन माध्यम से आवेदन शुरू




**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** 1961 में स्थापित सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ भारत में रक्षा मंत्रालय के तहत स्थापित पहले पाँच सैनिक स्कूलों में से एक के रूप में एक प्रतिष्ठित स्थान रखता है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध यह संस्थान अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा प्रदान करता है जो एक व्यापक शैक्षिक अनुभव प्रदान करता है। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ शैक्षणिक उपलब्धियों का एक शानदार उदाहरण है और राष्ट्रीय नेताओं और रक्षकों की अगली पीढ़ी के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। अपने शानदार अतीत बेहतरीन सुविधाओं और समग्र शिक्षा के प्रति समर्पण के कारण यह स्कूल अपने छात्रों के भविष्य को निर्धारित करने में एक प्रमुख कारक बना हुआ है। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के प्राचार्य कर्नल अनिल देव सिंह जसरोटिया ने बताया कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए देश भर के सैनिक स्कूलों में कक्षा छठी और कक्षा नवीं में प्रवेश के लिए अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगी। शैक्षणिक वर्ष 2025 26 के लिए छठी एवं नवीं कक्षा में दाखिलों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की वेबसाइट पर 13 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा छठी के लिए आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में गणित सामान्य ज्ञान भाषा और बुद्धिमत्ता पर आधारित 300 अंकों की परीक्षा तथा कक्षा नवीं की परीक्षा में गणित अंग्रेजी विज्ञान सामाजिक अध्ययन और बुद्धिमत्ता पर आधारित 400 अंकों की परीक्षा होगी। कक्षा छठी में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 31 मार्च 2025 तक 10 से 12 वर्ष के बीच होनी चाहिए अर्थात शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में प्रवेश के लिए उसका जन्म 01 अप्रैल 2013 से 31 मार्च 2015 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच हुआ होना चाहिए। कक्षा नवीं में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी की आयु 31 मार्च 2025 तक 13 से 15 वर्ष के बीच होनी चाहिए अर्थात शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी का जन्म 01 अप्रैल 2010 से 31 मार्च 2012 (दोनों दिन सम्मिलित) के बीच हुआ होना चाहिए। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित होने के इच्छुक अभ्यर्थी योजना अवधि माध्यम पाठ्यक्रम सैनिक स्कूल की सूची और उनका संभावित प्रवेश सीटों का आरक्षण परीक्षा शहर उत्तीर्ण आवश्यकताएँ महत्त्वपूर्ण तिथियाँ आदि से संबन्धित जानकारी एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) की वेबसाइट https://nta.ac.in/ / https://e&ams.nta.ac.in/AISSEE/ पर उपलब्ध सूचना बुलेटिन में देख सकते हैं। सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ रक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख संस्थान है जो मुख्य रूप से राजस्थान के लोगों को समर्पित है इसमें 67 प्रतिशत सीट राजस्थान की विद्यार्थियों के लिए तथा 33 प्रतिशत सीट भारत के अन्य राज्यों के लिए है इस स्कूल का प्राथमिक उद्देश्य कैडेट्स को हमारे देश के सशस्त्र बलों में अधिकारियों के रूप में एक शानदार करियर के लिए तैयार करना है उन्होंने बताया कि सैनिक स्कूल में कक्षा छठी में प्रवेश के लिए 111 (जिसमें 11 लड़कियाँ शामिल हैं) तथा कक्षा नवीं में प्रवेश के लिए 30 सीट उपलब्ध है। प्रवेश परीक्षा की तिथि की घोषणा एनटीए की वेबसाइट पर की जाएगी।

## घटियावली ग्राम पंचायत मुख्यालय के आंगनवाड़ी केंद्र पर पिलाया बच्चों को दूध



**शंभूपुरा।** बच्चों का स्वास्थ्य राजस्थान सरकार की प्रथम प्राथमिकता है यही वजह है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार बच्चों के लिए तमाम तरह की योजनाएं संचालित कर रही है इसमें प्रमुख है अमृत आहार योजना जिसकी शुरुआत हाल ही में हुई है। राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर अमृत आहार योजना का शुभारंभ हुआ है, जिसमें दूध एवं पौष्टिक आहार 3 वर्ष से 6 बच्चों के लिए यह योजना प्रारंभ की गई है। सप्ताह में तीन दिन दूध पिलाया जाएगा। इस कड़ी को अनवरत रखते हुए गांव के जनप्रतिनिधि द्वारा बच्चों को दूध पिलाकर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया।मौके पर घटियावली ठाकुर कृष्णपाल सिंह, उपसरपंच ज्ञानेश्वर पुरी गोस्वामी, अजय वैष्णव महिला कार्यकर्ता किस्मत कंवर विष्णु कंवर आदि उपस्थित रहे।

## श्री शर्मा का किया नवयुवक मंडल ने अभिनंदन



**गंगरार ।** श्री गुर्जरगौड़ ब्राह्मण समाज गंगरार के नवयुवक मंडल ने अध्यक्ष अंकित जोशी के सान्निध्य में शुक्रवार सांयकाल नव मनोनीत महासभा के उप प्रधानमंत्री मधुसूदन शर्मा पंचारिया के रेल्वे स्टेशन स्थित नचिकेता निकेतन पहुंच उनको मुंह मीठा करा बधाई व शुभकामनाएं देते हुए माल्यार्पण कर ऊपरना पहना, शाल ओढा व परशा भेंट कर स्वागत अभिनन्दन किया। इस अवसर पर युवामंत्री हेमेंद्र पच्छारिया, कोषाध्यक्ष ललित शर्मा, संगठन मन्त्री गिरधर व्यास , हेमन्त आचार्य, कुल दीप भारद्वाज , रामेश्वर शर्मा व अखिलेश शर्मा सहित युवा समाज़न उपस्थित थे।

## तीन शवों का शिवसेना ने किया अंतिम संस्कार

**चित्तौड़गढ़ ।** जिले के विभिन्न थानान्तर्गत मिले तीन शवों का शिवसेना जिला प्रमुख गोपाल वेद ने अंतिम संस्कार किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार निम्बाहेड़ा थानान्तर्गत करीब 70 वर्षीय जशोदा नामक एक बजुर्ग महिला को बीमारी की अवस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहाँ उसने इलाज के दौरान दम तोड दिया। एएसआई अशोक कुमार शर्मा एवं महिला हेड कांस्टेबल सोनु मेहता ने आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव शिव सेना जिला प्रमुख को सुपुर्द किया। शहर थाना कोतवाली अन्तर्गत पंचायत समिति के सामने 75 वर्षीय एक बुजुर्ग के मृत अवस्था में पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची जहाँ एएसआई प्रहलाद सिंह, हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र सिंह ने आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव शिव सेना जिला प्रमुख को सुपुर्द किया गया। एक अन्य असहाय एवं गरीब व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु हो जाने और परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार के लिए असक्षम होने से शव शिवसेना जिला प्रमुख को सुपुर्द किया गया। तीनों ही शव का शिव सेना जिला प्रमुख गोपाल वेद द्वारा सिटी मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भारत विकास परिषद के अध्यक्ष नवीन वर्डिया, कन्हैयालाल देवपुरा, गंगरार थाना एएसआई रमेश खटीक, इस्माइल भाई, पार्षद अनिल ईनाणी, पुष्कर नराणिया, हेमंत भट्ट, किशन ओढ़, दुर्गेश ओढ़, मनीष धोबी, ललित धोबी, कालु मीणा, भेरूलाल शर्मा, पप्पू गुर्जर आदि स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## श्री पार्श्व भैरव भक्ति संध्या से पूर्व नगर में निकला वरघोड़ा भाजपा पदाधिकारियों ने किया पुष्पवर्षा के साथ स्वागत


**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** निम्बाहेड़ा की पावन धर्म धरा पर श्री नाकोड़ा पार्श्व पूर्णिमा मण्डल के द्वारा स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित भव्य श्री पार्श्व भैरव भक्ति संध्या से पूर्व नगर में भव्य वरघोड़ा निकाला गया।

शनिवार को दोपहर सवा 12 बजे सिटी वाले जैन मंदिर से निकला भव्य वरघोड़ा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भजन संध्या आयोजन स्थल कृषि उपज मंडी निम्बाहेड़ा पर पहुंचा। इससे पूर्व वरघोड़े के स्वागत के लिए नगर के प्रमुख बाजारों में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं एवं परिवारों के द्वारा तोरण द्वार लगाए गए तथा मार्ग में पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल द्वारा पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी




की ओर से पंचौली चौराहा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. जे.एम.जैन, मनोहर चौधरी, प्रकाश धींग, पूर्व नगर महामंत्री विरेश चपलोत, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, भाजपा नगर महामंत्री कमलेश बनवार, निलेश मेहता, नगर उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मूंदड़ा, गोपाल पंचोली, नगर मंत्री मनोज मालू, सुनील चाष्टा, एससी मोर्चा नगर अध्यक्ष विजय बैरवा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व पार्षद गोपाल कुमावत, वीरेंद्र मारू, राजेश रांका, दीपक अग्रवाल, भरत शर्मा आदि मौजूद रहे।

## प्रतिभा प्रदर्शन के साथ सम्पन्न हुआ जिला स्तरीय युवा महोत्सव



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा चित्तौडगढ प्रमोद कुमार दशोरा ने बताया जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार जिला स्तरीय युवा महोत्सव शुक्रवार को प्रियदर्शनी इन्दिरा गांधी ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। यह आयोजन युवाओं को अवसर प्रदान करने की दृष्टि से युवा महोत्सव के रूप में किया गया। सर्व प्रथम यह आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर चयनित कलाकारों को जिला स्तर पर आमंत्रित किया गया। प्रतियोगिताओ में विषयगत, कपडा, सोलो फौक डान्स, सोलो सॉन्ग, ग्रुप डान्स, लोक नृत्य, लोक गायन, पेन्टिंग, कहानी लेखन, कविता, भाषण, मोबाइल फोटोग्राफी, रील ग्राफिक्स एवं विज्ञान प्रदशनी आदि का आयोजन किया गया। इसके अतिक्ति मांडने आदि में भी संभागियों ने बढचढ कर भाग लिया। आयोजन मुख्य अतिथि चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्र भान सिंह आक्या, विशिष्ट अतिथि भरत जी पूर्व उपाध्यक्ष नगर परिषद, अनित ईनाणी पार्षद चित्तौडगढ आदि की उपस्थिति में शुभारम्भ किया गया। सर्व प्रथम सरस्वती पूजन किया तथा इसी के साथ ईश वंदना की गई। कार्यक्रम में अध्यक्षता कर रहें प्रमोद कुमार दशोरा मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी समग्र शिक्षा ने स्वागत उद्बोधन दिया। विधायक आक्या ने युवा महोत्सव कार्यक्रम में भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की आज के परीपेक्ष में इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को अवसर दिया जाना अति आवश्यक है। इसे युवाओं को केवल अवसर ही नही अपनी प्रतिभा प्रदर्शन के मौके भी मिलते है। उपस्थित सभी संभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कौशल का प्रदर्शन करें। कार्यक्रम में मध्य में आलोक रंजन जिला कलक्टर चित्तौडगढ़ ने अवलोकन किया तथा उपस्थित संभागियों की उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में दौरान उपखण्ड अधिकारी वीनू देवल उपस्थित रहें। इस अवसर पर कल्पना शर्मा जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक, ओम प्रकाश मेनारिया, एडीओ प्रारम्भिक शिक्षा, प्रभारी डॉ. लीला चतुर्वेदी, योगेश अडानिया, राजराजेश्वर चौहान, शम्भु लाल सोमानी, नरेन्द्र शर्मा, लोकेश नारायण शर्मा, नफीस अहमद, संदर्भ व्यक्ति हेमेन्द्र कुमार सोनी, घनश्याम, राकेश कलाल, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, रमेश चन्द्र सेन आदि उपस्थित रहें।

## चैक अनादरण के दो मामलों में 3 लाख 40 हजार अर्थदण्ड एवं कारावास

**चित्तौडगढ़ ।** न्यायालय विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण चित्तौडगढ के पीठासीन अधिकारी रीतिका श्रोती ने चैक अनादरण के दो अलग-अलग मामलों में गिलुण्ड निवासी अभियुक्त कालूराम तेली पिता नाथुराम तेली को दोषसिद्ध कर कुल 3 लाख 40 हजार रुपये जुर्माना और 06 माह के कारावास सहित अदम अदायगी 1 माह के अतिरिक्त कारावास से दण्डित किया। प्रकरणानुसार परिवादी कैलाशचन्द्र मिन्नाणा ने अधिवक्ता सूर्यपाल सिंह सोलंकी, महेन्द्रसिंह चावडा के मार्फत एक प्रकरण इस आशय का पेश किया कि परिवादी व अभियुक्त के मध्य जान-पहचान होने व अभियुक्त को वैध कार्यों में रुपयों की आवश्यकता होने से पर अभियुक्त ने परिवादी से उसके आवास पर 2 लाख 50 हजार रुपये नकद उधार प्राप्त किए। दायित्वों को उन्मोचित करने के पेटे दिये गये दो चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर अनादरित हो गये। नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं देने पर परिवाद पेश किया जहाँ न्यायालय द्वारा दोनों पक्षां की सुनवाई के पश्चात् अभियुक्त को परक्राम्य लिखत अधिनियम 1881 की धारा 138 के तहत दोनों ही प्रकरणों में दण्डनीय अपराध में दोषसिद्ध पाकर उक्त निर्णय दिया।

# रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रोगियों के परिजनों को कंबल वितरित

**राजसमन्द (पुकार)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी की जिला शाखा ने सर्दी के मौसम में रोगियों के परिजनों को गर्मी का सहारा प्रदान किया है। आरके राजकीय चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में भर्ती रोगियों के परिजनों को 20 कंबल वितरित किए गए। प्रवक्ता सुरेश भाट ने बताया कि इस अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक, चेयरमैन कुलदीप शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक डूंगरवाल, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, वाइस चेयरमैन प्रकाश कोठारी, सीपी व्यास, संयुक्त सचिव शब्बीर हुसैन बोहरा, दीपचंद गाडरी, प्रहलादराय मूंदड़ा, हर्षवर्धन सिंह भाटी, प्रहलाद थरपाल, रमेशसिंह चारण, नर्सिंग ऑफिसर प्रकाश वैष्णव, रघुवीरसिंह, सुमित्रा शर्मा सहित रोगी के परिजन उपस्थित रहे। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश रजक ने रेड क्रॉस सोसायटी के इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी चिकित्सालय में रोगियों के सेवा कार्य, रक्तदान और आपातकालीन दुर्घटनाग्रस्त रोगियों की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इससे रोगियों को समय पर लाभ मिल रहा है। उन्होंने रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे अन्य आवश्यक सेवा कार्यों के बारे में भी जानकारी दी।



रेड क्रॉस सोसायटी का मानवीय कार्य रेड क्रॉस सोसायटी का यह मानवीय कार्य सर्दी के मौसम में रोगियों के परिजनों के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। आईसीयू वार्ड में रोगियों के परिजन अक्सर रात भर जागते हैं और उन्हें ठंड लगती रहती है। ऐसे में रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा दिए गए कंबल उनके लिए काफी राहतदायक होंगे।

**समाज सेवा का उदाहरण**

रेड क्रॉस सोसायटी का यह कार्य समाज सेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। यह संस्था सदैव जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तत्पर रहती है। रेड क्रॉस सोसायटी के इस कार्य से समाज में मानवता की भावना को बढ़ावा मिलेगा।

**आपदाओं में भी अहम भूमिका**

रेड क्रॉस सोसायटी न केवल रोगियों की सेवा करती है बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय भी लोगों की मदद करती है। भूकंप, बाढ़ और सूखा जैसी आपदाओं के समय रेड क्रॉस सोसायटी प्रभावित लोगों को भोजन, कपड़े और आश्रय जैसी आवश्यक सुविधाएं प्रदान करती है।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहनसिंह आचार्य महाप्रज्ञ से प्रभावित थे : मुनि प्रसन्न कुमार



**राजसमन्द (पुकार)।** शहर के नया बाजार स्थित तेरापंथ सभा भवन में धर्म सभा को संबोधित करते हुए मुनि प्रसन्न कुमार ने कहा कि नैतिक मूल्यो प्रतिष्ठा करने में अणुव्रत आन्दोलन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसके प्रणेता आचार्य तलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ रहे है। भारतीय राजनैतिक क्षेत्र में शीर्षस्त व्यक्तियों को बहुत प्रभावित किया है। देश के पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू एवं राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद से लगा कर अब तक के तथा लोकसभा-विधानसभा सांसद व विधायक सभी ने अणुव्रत को विकास के लिए उपयोगी माना ही नहीं अपनाया था। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन सेशन डॉ शंकरदयाल शर्मा, पूर्व लोकसभा अध्यक्ष शिवराज पाटिल, पूर्व राष्ट्रपति डॉ अब्दुल कलाम, पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी आदि ने अणुव्रती जीवन जीते हुए राजनीति क्षेत्र एवं नीजी क्षेत्र में अपने जीवन मे प्रामाणिकता के साथ काम किया। अणुव्रत समिति ने डॉ मनमोहन सिंह को भी अणुव्रत पुरस्कार से नवाजा। डॉ मनमोहनसिंह आचार्य तुलसी एवं आचार्य महाप्रज्ञ के विचारों से बहुत प्रभावित थे।

# बालोदय एजूटूर का यादगार आयोजन

## बीकानेर से अणुविभा मुख्यालय चिल्ड्रन'स पीस पैलेस पहुंचा बच्चों का दल

**राजसमन्द (पुकार)।** पीएमश्री राउमावि मोरखाना, बीकानेर का 115 सदस्यीय दल चार दिवसीय बालोदय एजुटूर के लिए राजसमंद पहुंचा। इस दल में 80 बच्चें और 35 शिक्षक व अभिभावक शामिल थे। सभी के लिए यह बालोदय एजुटूर यादगार और उपलब्धिपरक रहा। सर्वप्रथम आयोजित परिचय सत्र में बच्चों ने मौन प्रार्थना की, अणुव्रत गीत गाया और इस दिशादर्शक गीत के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। अणुविभा के पूर्व अध्यक्ष संचय जैन ने संवादशैली में बच्चों को जीवन की सफलता में संयम अर्थात आत्म-नियंत्रण के महत्व को समझाया। शिक्षाविद् प्रकाश तातेड़ के निर्देशन में बच्चों ने अणुव्रत दीर्घा को देखा और अणुव्रत जीवनशैली पर आधारित चित्रों में प्रदर्शित प्रामाणिक व प्रकृति प्रिय जीवन के विभिन्न पक्षों को समझा और प्रश्नोत्तरी में भाग लिया। बालोदय पुस्तकालय में बच्चों ने अपनी पसंदीदा पुस्तकें पढ़ीं और



उनसे प्राप्त सीख को सबके साथ साझा किया। अणुविभा उपाध्यक्ष शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ विमल कावड़िया ने 'हेल्थ इज वेल्थ' विषय पर ज्ञानवर्द्धक वार्ता दी। बालोदय संयोजिका डॉ सीमा कावड़िया ने व्यक्तित्व विकास पर प्रेरणास्पद संवाद किया। जगदीश बैरवा ने आसान, कायोत्सर्ग और प्राणायाम के प्रयोग कराये। उल्लेखनीय है कि मोरखाना स्कूल का यह दल अणुविभा के 43वें स्थापना दिवस के मौके पर संस्था में पहुंचा जहाँ अणुविभा के वर्तमान, निवर्तमान व पूर्व अध्यक्ष क्रमशः प्रताप दुगड़, अविनाश नाहर व संचय जैन, वर्तमान व निवर्तमान महामंत्री मनोज सिंघवी व भीखम सुराणा सहित अणुविभा के केंद्रीय पदाधिकारियों ने उनका स्वागत किया। पीएमश्री राउमावि मोरखाना नोखा बीकानेर के प्रधानाचार्य श्याम छीपा, सरपंच शेरसिंह भाटी, स्टॉफ सदस्य दीपिका गोस्वामी, हरिप्रसाद पारीक, गोविंद राम, माया बिश्नोई, अन्नू कंवर, रूपाराम गोयल, सुनील जिंदल, चौना कुमारी जो बच्चों के साथ रह कर उनका मार्गदर्शन कर रहे थे, बालोदय एजुटूर के इस अनुभव को अद्भुत बताया। उनका मानना था कि यह सामान्य तौर पर होने वाले शैक्षिक भ्रमणों से एकदम अलग अनुभव रहा क्योंकि इसमें ऐतिहासिक और प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों के भ्रमण के साथ ही जीवन-निर्माण के सूत्र बच्चों को खुले व रचनात्मक माहौल में मिल सकें।

# एसआरके कॉलेज के विद्यार्थियों ने की एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में जोर आजमाइश

**राजसमन्द (पुकार)।** जिला मुख्यालय स्थित एसआरके कॉलेज में शनिवार को खेल सप्ताह का समापन हुआ। कॉलेज के खेलकूद विभाग के प्रभारी अधिकारी डॉ अनिल कुमार कालोरिया ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है जो सामाजिक एकता का परिचय देते हैं जिससे भाईचारे की भावना का विकास होता है, जो विद्यार्थी खेलों में रुचि रखते हैं और सक्रिय रूप से भाग लेते हैं वह वर्ष भर एक्टिव रहते हैं और अध्ययन भी अच्छा करते हैं। इसलिए विद्यार्थी जीवन में खेलों के महत्व को पुस्तकों से कमतर नहीं आंका जा सकता। प्राचार्य प्रोफेसर सुमन बडोला ने बताया कि अंतिम दिन एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत छात्र और छात्रा वर्ग की 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़, रिले रेस, भाला फेंक, गोला फेंक, तश्तरी फेंक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन सभी प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर उत्साह के साथ भाग लिया। कॉलेज में पूरे खेल सप्ताह के दौरान शतरंज, कैरम बोर्ड, बैडमिंटन, बास्केटबाल, वालीबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के छात्रों और छात्राओं ने जोर-शोर से भाग लिया और इन सभी खेलों में रुचि दिखाई। इस दौरान संकाय सदस्य निर्मला मीणा, डॉ बृजेश कुमार बासोतिया, डॉ उषा शर्मा, डॉ विभा शर्मा, डॉ प्रतीक विजय, डॉ गोपाललाल कुमावत, डॉ मनदीप सिंह, डॉ विजेंद्र कुमार शर्मा, डॉ राकेश कुमार, नेमीचंद, नारायणलाल कुमावत, मुकेश कुमावत, तरुण खटीक आदि उपस्थित थे।



# डीटीओ ने फिटनेस सेंटर का निरीक्षण कर वाहनों के लगाए रिफ्लेक्टर

**राजसमन्द (पुकार)।** वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने फिटनेस सेंटर में निरीक्षण किया। यहां बस, ट्रक, तिपहिया वाहनों, बाल वाहिनी और अन्य व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच की जाती है। इस अवसर पर डॉ शर्मा ने फिटनेस के लिए आये वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाकर सड़क सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा दिया। उन्होंने फिटनेस



सेंटर के कर्मचारियों को निर्देशित किया कि फिटनेस के लिए आने वाले वाहनों में यदि रिफ्लेक्टर टेप न हो, तो उन्हें आवश्यक रूप से टेप लगाकर फिटनेस प्रमाणपत्र प्रदान किया जाए। साथ ही डीटीओ डॉ शर्मा ने फिटनेस सेंटर के प्रभारी राजेश कुमार, युवराज सिंह चुण्डावत, प्रेम कुमार सैनी और अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया। उन्होंने वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने और हेलमेट का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि सड़क पर हादसों से बचाव किया जा सकें और सुरक्षित यात्रा की जा सकें।

# 15 फीट अजगर का किया रेस्क्यू

● वन्य जीव प्रेमियों की सराहनीय पहल

**राजसमन्द(पुकार)।** जिले में एक बार फिर प्रकृति के अद्भुत नजारे देखने को मिले। जिला मुख्यालय के पास स्थित भावा गांव में पेट्रोल पंप के पीछे नहर के पास एक विशालकाय लगभग 15 फीट लम्बा अजगर देखा गया। इस खबर से आसपास के इलाके में हड़कंप मच



गया। स्थानीय निवासी बाबूलाल गुर्जर ने तुरंत इस घटना की सूचना जिला वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन्य जीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत और हरीश लोहार मौके पर पहुंचे। उन्होंने कड़ी मेहनत से अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन विभाग के अधिकारियों के निर्देशानुसार रेस्क्यू किए गए अजगर को जंगल में छोड़ दिया गया। वन्य जीव प्रेमियों की इस सराहनीय पहल से इलाके में खुशी की लहर दौड़ गई।

# 7 बाल श्रमिक बच्चों को कराया मुक्त

●नियोक्ता के विरुद्ध मामला दर्ज

**राजसमन्द (पुकार)।** जतन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में जिले में संचालित एक्सेस-टू-जस्टिस परियोजना द्वारा एसपी मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले में 7 बाल श्रमिकों को बालश्रम से मुक्त करवाया। संस्थान से परियोजना प्रभारी नीलोफर डायर ने बताया की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाल अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति तथा पुलिस विभाग के साथ संयुक्त तत्वावधान में जिले के 3 थाने क्षेत्र में कुल 7 बाल श्रमिक बच्चों को बाल श्रम से मुक्त करवाया गया जो की अधिकांश जिले के छोटे और बड़े सहित विभिन्न बाल श्रम प्रवण क्षेत्रों से श्रमिक कारखानें, ढाबें, उद्योग, होटल, दुकानें जैसे प्रतिष्ठान संगठित और असंगठित निर्माण स्थल जैसे क्षेत्र पर कार्य करते मिले। सूचना पर संबंधित थाना अधिकारी व बाल कल्याण अधिकारी की टीम के साथ मौके पर विजिट कर रेस्क्यू किया गया। जतन संस्थान के उपनिदेशक रणवीर सिंह शक्तावत ने बताया कि नाथद्वारा श्रीनाथ जी, नाथद्वारा ग्रामीण, केलवा थाना क्षेत्र से मिलकर 7 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया। सभी बालकों को बाल कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत कर अस्थाई आश्रय दिलाया गया। बाल कल्याण समिति, बाल अधिकारिता विभाग के निर्देशन में बच्चों के पुनर्वास के लिए समाज कल्याण विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान रेस्क्यू टीम में बचपन बचाओ आन्दोलन टीम जयपुर से जया सशी शर्मा, पार्वती कुंवर, जतन संस्थान से शेफाली गुर्जर, अंजलि, समुंद्री चौधरी, नूरजहां, मंजू, भवानी सहित सम्बन्धित थाने के बाल कल्याण अधिकारी व पुलिस टीम मौजूद रही।

# विधायक दीप्ति ने दिल्ली में चुनावी तैयारियों पर की बैठक

●भाजपा के पक्ष में माहौल का किया दावा

**राजसमन्द (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने शनिवार को दिल्ली के कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक का उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करना और पार्टी कार्यकर्ताओं को प्रोत्साहित करना था। विधायक माहेश्वरी ने कहा कि दिल्ली के मतदाता भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाने का मन बना चुके हैं। विगत 10 वर्षों से दिल्ली भ्रष्टाचार, कुशासन और तुष्टिकरण की राजनीति का दंश झेल रही है। अब समय आ गया है कि



इस कट्टर बेईमान सरकार को उखाड़ फेंका जाए। बैठक में क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी डॉ अनिल गोयल का स्वागत करते हुए उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर मतदाताओं को वर्तमान सरकार के काले कारनामों से अवगत कराएं। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों का चुनाव अभियान के संचालन, घर-घर संपर्क के विषय, सुशासन, पारदर्शिता और समग्र विकास के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता आदि पर मार्गदर्शन मिला।

# सकल जैन समाज की संयम की एकता वाली सामयिक आज

**राजसमन्द (पुकार)।** श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ धर्मसंघ के मुनि संजय कुमार, मुनि प्रसन्न कुमार, मुनि प्रकाश कुमार एवं मुनि धैर्य कुमार के मंगल सानिध्य में रविवार प्रातः 9 बजे से प्रज्ञा विहार परिसर में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के आव्हान पर तेरापंथ युवक परिषद कांकरोली की ओर से आयोजित सकल जैन समाज की एक साथ एक जगह सामूहिक सामायिक अनुष्ठान आयोजित किया जाएगा। सामूहिक सामायिक के इस मंगल अनुष्ठान के दौरान श्रावक सफेद और श्राविकाएं अपने निर्धारित गणवेश में उपस्थिति रहेगी। यह जानकारी श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथी संस्थान कांकरोली के मंत्री एडवोकेट धनेंद्र कुमार मेहता ने दी।

# भागवत कथा के निमित्त जिले की विभिन्न गौशाला में 306000 किए समर्पित

## 51000 हजार रूपये गौसेवा राशि श्री पंच मुखी हनुमान नंदी गौशाला आगरिया में समर्पित

**राजसमन्द (पुकार)।** राजस्थान गौसेवा समिति के जिलाध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित, भागवत कथा मुख्य यजमान जगदीश कुमार अग्रवाल, गिरीश कुमार अग्रवाल, महावीर कुमार बंसल के सानिध्य में नंदी गौशाला आगरिया पहुंचे। नंदी गौशाला में चल रहे गौसेवा के कार्यों का अवलोकन किया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अतिथियों ने गौशाला में चिड़िया घर, गौ आवास, संत कुटिया, गौ ग्रास घर, कार्यालय ओर निर्माणाधीन गौ आवास का अवलोकन किया। संत सीता राम दास महाराज के पावन सानिध्य में चल रही नंदी गौशाला के सेवा कार्यों से सभी गौभक्त अतिथि बहुत खुश हुए। उल्लेखनिय हैं कि 24 से 30 दिसंबर तक महावीर नगर में कथा व्यास रामपाल शास्त्री महाराज



जयसलान के मुखारविंद से जो गौ भागवत कथा हुई उसमें जो राशि 3 लाख 6000 रूपये आई उसको कथा के मुख्य यजमान जगदीश कुमार अग्रवाल ने 51000 रूपये पंच मुखी हनुमान नंदी गौशाला आगरिया, 51000 रूपये सकरावास गौशाला, 51000 रूपये करधर गौशाला नाथद्वारा, 51000 रूपये मादडी गौशाला, 51000 रूपये सादडा गौशाला और 51000 रूपये सनवाड गौशाला के मुख्य व्यवस्थापक को समर्पित किए। गिरीश कुमार अग्रवाल और जगदीश कुमार अग्रवाल ने श्री पंच मुखी हनुमान नंदी गौशाला में भव्य मंदिर ओर यज्ञशाला के निर्माण की जानकारी ली ओर बताया कि ये दोनों कार्य अग्रवाल समाज के पावन सानिध्य में रूप रेखा, प्रस्तावना लेकर इसको किया जाएगा। अतिथियों का आचार्य पुष्कर पारीक ने गौमाता का स्मृति चिन्ह व उपरना ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान गौशाला के मदनलाल सेन, भंवरलाल कुमावत, मांगीलाल कुमावत, किशन लड्डा सहित अन्य गौभक्त उपस्थित थे।

# जिले में गुर्जर समाज प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन

**राजसमन्द (पुकार)।** प्रगतिशील गुर्जर संघ राजसमन्द की ओर से आयोजित गुर्जर समाज प्रतिभा खोज परीक्षा का सफल आयोजन जिला मुख्यालय पर राजनगर स्थित राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय परिसर में किया गया। इस परीक्षा का उद्देश्य समाज में शिक्षा के प्रचार-प्रसार और प्रतियोगी माहौल बनाना था। दो स्तरों पर आयोजित की गई परीक्षा के प्रथम स्तर में कक्षा 9 से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि द्वितीय स्तर में कक्षा 12 उत्तीर्ण, स्नातक, अधिस्नातक और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों ने भाग लिया। परीक्षा में प्रतिभागियों ने राजस्थान की संस्कृति, इतिहास, भूगोल, कला और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों पर आधारित 100 बहुविकल्पीय प्रश्न हल किए। प्रथम स्तर में प्रथम स्थान योगिता गुर्जर (सियाना) व द्वितीय स्थान पायल गुर्जर (डेगाना) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्तर में प्रथम स्थान रेखा गुर्जर (वासनी) व द्वितीय स्थान लीला गुर्जर ने प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप प्रथम स्थान पर 5100, द्वितीय स्थान पर 2100 और तृतीय स्थान पर 1100 की राशि दी जाएगी। इसके अलावा चार से दसवें स्थान पर रहने वालों को 500 रुपया सांत्वना पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए जाएंगे। पुरस्कार वितरण वासनी में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में किया जाएगा। परीक्षा में कुल 161 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें से 60 प्रतिभागी प्रथम स्तर में और 101 प्रतिभागी द्वितीय स्तर में शामिल थे। संघ के अध्यक्ष चतुर्भुज गुर्जर ने कहा कि यह परीक्षा समाज के विद्यार्थियों को प्रतियोगी माहौल में आगे बढ़ने और सरकारी सेवाओं में चयनित होने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। भामाशाह कृष्ण गोपाल गुर्जर ने आश्वासन दिया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जरूरतमंद विद्यार्थियों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आभार परीक्षा प्रभारी बालू गुर्जर ने ज्ञापित किया। इस दौरान गुर्जर कर्मचारी परिषद के अध्यक्ष पुखराज गुर्जर, रूपलाल गुर्जर, प्रवीण गुर्जर, प्रकाश गुर्जर, शंकर गुर्जर, किशन गुर्जर, दिनेश गुर्जर, ममता गुर्जर, गणेश गुर्जर, रामेश्वर गुर्जर, दिनेश गुर्जर, बंशीलाल गुर्जर सहित समाजजन मौजूद थे। परीक्षा का संचालन प्रगतिशील गुर्जर संघ के सदस्य और जिला साक्षरता अधिकारी राजेन्द्र कुमार गुर्जर ने किया।



## संक्षिप्त खबरें...

### काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी महिला संगठन ने मनाया नव वर्ष एवं मकर संक्रांति पर्व



**भीलवाड़ा।** काशीपुरी वकील कॉलोनी माहेश्वरी भवन में नव वर्ष एवं मकर संक्रांति पर्व मनाया गया। अध्यक्ष शीला जागेटिया ने बताया कि सभी महिलाओं द्वारा सितोलिया हाउजी और बहुत सारे फनी गेम्स खेले गए। इसी के साथ ठाकुरजी को पौष बड़े का भोग लगाया गया एवं पतंग महोत्सव मनाया गया। सचिव चंद्रकांता बाहेती ने बताया कि अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के आव्हान पर दक्षिणी राजस्थान माहेश्वरी महिला संगठन के संजीवनी सिद्धा की संयोजिका मधु काबरा द्वारा नेत्रदान के फार्म भरवा गए एवं सभी महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा नेत्रदान करने का संकल्प दिलाया गया। इस कार्यक्रम में शशि मुंदडा, संध्या नवाल, मनोरमा कोठारी, गायत्री बिरला, दिव्या सोनी, सीमा सोनी, रेखा लोहिया, जसोदा हेडा, मीनाक्षी हेडा, प्रेमलता जागेटिया, मीना मंडोवरा, सोनल दरक, गीता सोनी आदि सदस्याऐं उपस्थित थी।

### लायंस रूबी क्लब में आरसी एवं जेडसी की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न




**भीलवाड़ा।** लायंस रूबी क्लब में आरसी एवं जेडसी की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न हुई। लायंस क्लब भीलवाड़ा रूबी की अध्यक्ष लायन मधु काबरा ने बताया कि नववर्ष 2025 के स्वागत के साथ प्रांतीय अध्यक्ष लायन राकेश पगारिया और क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन दिलीप गोयल की आधिकारिक यात्रा निजी रिसोर्ट में की गई। क्लब सचिव लायन सुधा जैन ने वर्ष के अब तक के किए गए कार्यों की रुपरेखा बताई एवं कोषाध्यक्ष लायन ममता शर्मा ने अब तक के आय-व्यय का ब्योरा दिया और इसी के साथ कार्यक्रम में पौष बड़ा एवं नववर्ष के उपलक्ष में कुछ गेम्स आदि रखे गए। क्लब की सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्लब की पूर्व अध्यक्ष लायन पुष्पा मेहता ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में मंजुला जैन, कुसुम चंडालिया, रजनी जैन, रजनी गुगलिया, अंजना सिसौदिया, मैना सिसोदिया, मंजू डांगी, कविता, चन्द्रकला आदि उपस्थित थी।

### भामस की कार्यसमिति बैठक सम्पन्न, कई बिन्दुओ पर की चर्चा



भीलवाड़ा। भामस की जिला कार्यसमिति की बैठक में जिलाध्यक्ष भारतीय मजदूर संघ रजनी शक्तावत की अध्यक्षता में भामस कार्यालय भीलवाडा में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सहमति से कई बिन्दुओ पर चर्चा की गई। जिलामंत्री हरीश सुवालका ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति के निर्देशानुसार 70 वर्ष में प्रवेश करने पर 1 जनवरी 2025 से निधि संग्रहण कार्यक्रम प्रस्तावित है। प्रत्येक पदाधिकारी व सदस्य द्वारा अपनी स्वेच्छा से निधि समर्पण करना, संगठन विस्तार हेतु व नये युनियन के गठन हेतु प्रस्ताव लिये गये। प्रत्येक यूनियन में प्रभारी नियुक्त करने का भी प्रस्ताव लिया गया तथा बैठक में लगातार अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी को नोटिस देने का प्रस्ताव दिया गया। निधि समर्पण हेतु प्रदेश विधिक सलाहकार व विशिष्ट श्रमिक नेता प्रभाष चौधरी ने 5100 रूपये, जिला मंत्री हरीश सुवालका ने 5100 रूपयें व जिलाध्यक्ष रजनी शक्तावत ने 2100 रूपयें बैठक में उपस्थित अन्य पदाधिकारियो ने भी निधि समर्पण की घोषणा की। बैठक में देवेन्द्र वैष्णव, राजेश चतुर्वेदी, कमलेश हाडा, रामेश्वर खटीक, रेखा साधु, श्यामलाल बांगड, बालमुकन्द, फिरोज, सीताराम यादव, दुर्गालाल लुहार आदि मौजूद थे।

### फतहनगर की 'फतह एकेडमी से 13 खिलाड़ियों का रग्बी में राज्य स्तर पर चयन



**फतहनगर।** स्थानीय विद्यालय फतह एकेडमी से आठवीं राज्य स्तरीय सब जूनियर रग्बी प्रतियोगिता के लिए 13 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तर पर हुआ है। फतह एकेडमी निदेशक अजय कुमार जैन के अनुसार बालक वर्ग में 6 एवं बालिका वर्ग में 7 खिलाड़ियों का चयन हुआ है। वर्तमान में सभी खिलाड़ी कुचामन सिटी, नागौर में आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे हैं।

चयन की कड़ी में हर्ष लौहार, जयंत मीना, भाविन प्रजापत, देवेन जांगिड़, भव्य पालीवाल, पीयूष यादव, दिव्यांशी शर्मा, कशिश रेगर, ललिता रावत, ऊषांशी जैन, नव्या जैन, गुनगुन मेनारिया एवं काजल शर्मा का चयन राज्य स्तर पर हुआ है। चयन में कोच गौरी शंकर कुमावत की अहम भूमिका रही है।

### टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के साथ जिला कलक्टर की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

# जिला कलक्टर के सख्त निर्देश, प्रदूषण नियंत्रण मंडल के निर्देशों का पालन करें, अन्यथा होगी कार्रवाई

### पर्यावरण प्रदूषण को कम करने के लिए टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयां ले जिम्मेदारी- जिला कलक्टर मेहता

**भीलवाड़ा (पुकार)।** जिला कलक्टर नमित मेहता की अध्यक्षता में शनिवार को टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के साथ महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। जिला कलक्टर ने बैठक में कहा कि टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों को पर्यावरण संरक्षण के लिए काम करना चाहिए और प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के द्वारा उत्पन्न किए जा रहे उच्छिष्ठ के निपटान को लेकर गंभीर हैं। उन्होंने कहा कि इन इकाइयों से निकलने वाले कचरे का सही तरीके से निपटान हो, जिससे पर्यावरण प्रदूषण की समस्या को कम किया जा सके।उन्होंने कहा कि इस समस्या के समाधान के लिए आवश्यक है कि टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों में कचरा निपटान के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का पालन किया जाए। बैठक में जिला कलक्टर ने टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि वे प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई इकाई प्रदूषण



नियंत्रण मंडल के निर्देशों का पालन नहीं करती है, तो उसके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों द्वारा औद्योगिक विकास एवं वस्त्र प्रसंस्करण में भीलवाड़ा की पहचान होने तथा इकाई स्तर पर आ रही समस्याओं तथा पर्यावरण के क्षेत्र में प्रदूषित पानी के उपचार संयंत्रों के उन्नयन क्षमता विस्तार हेतु सब्सिडी तथा वर्षा ऋतु में अतिरिक्त सावधानी बरतने पर हर संभव प्रयास करने की बात कही। बैठक में अति जिला कलक्टर ओम प्रकाश मेहरा, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण मंडल दीपक धनेटवाल एवं आरपीसीबी के अधिकारी तथा सभी टेक्सटाइल इकाइयों के वरिष्ठ प्रबंधन प्रतिनिधि एवं निदेशक उपस्थित रहें।

**सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए कदम उठाने को किया प्रेरित**

जिला कलक्टर ने बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी दीपक धनेटवाल को निर्देश दिए कि प्रदूषण को लेकर सख्ती बरतनी पड़ेगी। उन्होंने टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों का नियमित रूप से निरीक्षण के लिए धनेटवाल को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने प्रोसेस हाउस इकाइयों के प्रतिनिधियों प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निर्देशों की पालना के निर्देश दिए, जिसमें प्रदूषण को कम करने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर द्वारा इकाइयों को सस्टेनेबल डेवलपमेंट हेतु कदम उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

**शिकायतों पर की चर्चा**

बैठक में टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों में स्थापित उच्छिष्ठ उपचार व्यवस्था, प्रदूषित पानी के निस्त्राव की रोकथाम, और वर्षा ऋतु के दौरान प्रदूषित पानी के निस्त्राव की शिकायतों पर चर्चा की गई। इसके अलावा, बैठक में टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों को संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान और टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों से प्राप्त सुझाव पर भी चर्चा की गई। बैठक में टेक्सटाइल प्रोसेस हाउस इकाइयों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव और फीडबैक साझा किए। जिला कलक्टर ने कहा कि इन सुझावों और फीडबैक को ध्यान से सुना और उनका समाधान भी साझा किया।

### नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा 'कहीं देर ना हो जाये' विषय पर कार्यशाला आयोजित

## कार्यशाला परिवारों को नई दृष्टि प्रदान करने और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है- सोनल माहेश्वरी




**भीलवाड़ा (पुकार)।** नगर माहेश्वरी महिला संस्थान द्वारा 'कहीं देर ना हो जाये' विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों की परवरिश, क्लेशमुक्त, अभावमुक्त और रोगमुक्त परिवार बनाने के नए उपायों को समझाना था। नगर सचिव सोनल माहेश्वरी ने बताया इस अवसर पर डॉ. श्यामकुमार ने अपने प्रेरक वक्तव्य में आधुनिक जीवन की चुनौतियों और उनके समाधानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रिश्तों में बढ़ती घुटन के कारण परिवार टूट रहे हैं, और पढ़ाई के साथ-साथ तलाक की बढ़ती दर भी एक गंभीर चिंता का विषय है। कार्यशला के दौरान डॉ. श्यामकुमार ने रिश्तों को मजबूत बनाने और घुटन को समाप्त करने के तरीके, तलाक की बढ़ती तादाद को कम करने के लिए शिक्षा के साथ जीवन मूल्य सिखाने की आवश्यकता होगी, आज के युग में, जब पैसा बढ़ रहा है, लेकिन दिल छोटे हो रहे हैं, हर व्यक्ति को जीवन के सही उद्देश्य का मार्गदर्शन देना, बच्चों को सिर्फपढ़ाई नहीं, बल्कि जिंदगी के मूल्य और चुनौतियां समझाना होगा जेसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। कार्यशाला का मुख्य संदेश था कि जीवन केवल भौतिक सुख-सुविधाओं तक सीमित नहीं है। हमें अपने परिवारों में भावनात्मक और मानसिक स्थिरता लाने की दिशा में प्रयास करने चाहिए। डॉ श्यामसुन्दर के साथ सुनील आगीवाल भी उपस्थित रहे। नगर सचिव सोनल माहेश्वरी ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यशाला परिवारों को नई दृष्टि प्रदान करने और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर विनीता तोषनीवाल, स्नेहलता तोषनीवाल, सीमा बिड़ला, अंजू सोमानी, निशा सोनी, लीला राठी, नीलम दरगड़ भी शामिल हुए। कार्यशाला में पुरूषों के साथ महिलाएं भी शामिल हुई सभी उपस्थित सदस्यों ने अपने प्रश्नों को पूछा और उन्होंने इस आयोजन की सराहना की। सभी ने इस प्रयास को समाज के लिए आवश्यक बताया।

### निशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर में 482 मरीजों ने लिया स्वास्थ्य का लाभ



**सलूंबर (पुकार)।** आयुर्वेद विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय निःशुल्क आयुर्वेद शल्य चिकित्सा शिविर में लोगों का उत्साह चरम पर हे। इस शिविर में विभिन्न बीमारियों के लिए कुल 482 मरीजों ने स्वास्थ्य का लाभ प्राप्त किया। शिविर के दौरान संधीवात, वातिक शूल, त्वचा रोग, रक्त प्रदर, बाल रोग जैसे गंभीर रोगों का उपचार किया गया। विशेष रूप से पंचकर्म उपचार में 70 मरीजों ने लाभ लिया, जबकि 11 मरीजों को विस्तृत पंचकर्म चिकित्सा के लिए भर्ती किया गया। इसके अतिरिक्त, एनसीडी (गैर-संचारी रोग) के लिए 119 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें हृदय रोग, मधुमेह, और उच्च रक्तचाप जैसे रोगों की जांच एवं परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान 5 मरीजों का अर्थ एवं भगंदर के लिए क्षार सूत्र पद्धति से सफल उपचार किया गया। यह उपचार पूरी तरह से आयुर्वेदिक है और सर्जिकल हस्तक्षेप के बिना किया गया। शिविर में योग सत्रों का भी आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। योग के माध्यम से मरीजों ने शारीरिक और मानसिक संतुलन प्राप्त करने का अनुभव किया। यह शिविर आयुर्वेद के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। इस शिविर के सफल आयोजन ने यह साबित किया कि आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति गंभीर बीमारियों के उपचार में कारगर है। इस 10 दिवसीय शिविर में कुल 482 मरीजों ने लाभ प्राप्त किया। इस शिविर के माध्यम से आयुर्वेद की प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों की उपयोगिता को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास सफल रहा। भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित करने की योजना है।

### वॉलीबॉल, कबडडी व खो-खो में बालिकाओं ने दिखाया दमखम



**फतहनगर (पुकार)।** विकल्प संस्थान की ओर से बालिकाओं के सशक्तिकरण को लेकर मावली ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 15 गांवों से 260 किशोरियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बालिकाओं ने वॉलीबॉल, कबड्डी, खो-खो में दमखम दिखाया। वॉलीबॉल में प्रथम वासनी माफी, द्वितीय सनवाड़, तृतीय चंगेडी रही। खो-खो में प्रथम चंगेडी, द्वितीय सनवाड व तृतीय लदाना रही। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही टीमों को अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि राजस्थान अंबेडकर शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ.खेमराज कड़ेला ने बालिकाओं को जीत की बधाई देते हुए पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही हारने वाले खिलाड़ियों को और अधिक मेहनत की बात कही। अधिवक्ता अरुण पालीवाल ने कहा कि बालिकाओं को सशक्त करने के लिए समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए जिससे उन्हें नए अवसर मिलते है। संस्थान सचिव उषा चौधरी ने कहा कि यह जीवन आपका है, जिसे आपको ही बदलना होगा। जिसके लिए आपको मेहनत और प्लानिंग करनी होगी। खेल कॉर्डिनेटर पल्लवी शर्मा ने खेल का महत्व बताते हुए कार्यक्रम की रूप रेखा साझा की। इस दौरान संस्थान से अनिता, कुसुम, मीना, रीना, इंदिरा झाला, दिनेश मौजूद रहे। संचालन पूजा व सीमा ने किया।

## राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं- राजकुमार प्रजापति

### राजस्थान प्रदेश कांगेस सेवादल ने की दोषियो पर सख्त कार्यवाही की मांग, सौपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा (पुकार)।** राजस्थान प्रदेश कांगेस सेवादल के प्रदेश संगठक सचिव राजकुमार प्रजापति ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग की। जिला कलक्टर कार्यालय में लगी दांडी यात्रियों की प्रतिमाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करावें। प्रजापति ने बताया कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की प्रतिमा में असामाजिक तत्वों द्वारा चश्मा गायब कर प्रतिमा के सिर पर चोट कर मूर्ति खण्डित करने का प्रयास किया है जिसकी जाँच कराकर दोषियो को गिरफ्तार करसख्त से सख्त कार्यवाही की प्रतिमा की सुरक्षा की मांग की। प्रजापति ने बताया देश को आजादी दिलाने वाले महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा के साथ हुए इस कृत्य की राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा दल घोर निंदा करता है। जिला कलक्टर कार्यालय में इस प्रकार की घटना का घटित होना शहर वासियों को अचम्भित करने वाला है। क्योंकि जिला कलक्टर कार्यालय की प्रतिमाएं ही अगर सुरक्षित नहीं है तो अन्य सार्वजनिक स्थानों और चौराहों पर लगी प्रतिमाओं की सुरक्षा पर तो निश्चय ही प्रश्न चिन्ह लग जाता है। जिला कलेक्टर को ज्ञापन देकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवा



दल मांग करता है कि इस घटना की तुरंत जाँच करायी जाकर घटना में लिप्त असामाजिक तत्वों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जावे, इसके साथ ही सभी प्रतिमाओं के सुरक्षा के पुख्ता इन्तेजाम किये जावे। ज्ञापन देते समय पूर्व प्रधान भंवर लाल गर्ग, मुन्ना राम मीणा, मो. रफीक शेख हिमांशु उपाध्याय, भगत प्रजापत, सोहन लाल कोली, शिवराज सुराणा, हरकचंद कोठारी, सुरेन्द्र सिंह, छोटू सिंह, गोपाल लाल माली, सहित कांग्रेस सेवादल के कई पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

## टेबलेट प्राप्ति से विद्यार्थियों के खिले चहरे, बोर्ड परीक्षा 2024 में श्रेष्ठ प्रदर्शन वाले चयनित विद्यार्थियों को बांटे टेबलेट

**फतहनगर (पुकार)।** मावली ब्लॉक के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों कक्षा 8,10 एवं 12 बोर्ड परीक्षा 2024 में जिला/राज्य स्तरीय मेरिट में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले परीक्षार्थियों को राज्य सरकार द्वारा टेबलेट वितरण किये गये। मावली ब्लॉक के जिला कार्यालय से प्राप्त सूची अनुसार 108 टेबलेट एवं चार्जर एडॉप्टर गुरूवार को प्राप्त हुए। जिला कार्यालय से प्राप्त संदेश अनुसार संबंधित विद्यालयों/ विद्यार्थियों को वितरण कर प्राप्ति रसीद एवं संबंधित दस्तावेज 07 जनवरी को जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय माध्यमिक उदयपुर में जमा कराया जाना है। विद्यालयों में अवकाश के चलते कार्यालय में भी तीन दिन के अवकाश को ध्यान में रखते हुए शुक्रवार को ही टेबलेट एवं चार्जर एडॉप्टर वितरण करने का सभी संस्था प्रधानों को वाट्सएप ग्रूप के माध्यम से संदेश भेजा गया। शुक्रवार को 108 में से 93 विद्यार्थियों के टेबलेट एवं चार्जर एडॉप्टर प्राप्त कर



संबंधित आवश्यक रिकॉर्ड समग्र शिक्षा मावली कार्यालय में जमा कराने के लिए संबंधित संस्था प्रधानों, अभिभावकों व विद्यार्थियों का मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार ने आभार व्यक्त किया। शुक्रवार को टेबलेट एवं चार्जर एडॉप्टर प्राप्त करने से वंचित रहे 15 चयनित सूची के विद्यार्थियों को 04 जनवरी शनिवार के दिन विशेष अवसर दिया गया। टेबलेट प्राप्त करने वाले विद्यालयों/ ग्राम पंचायतों में 51 में से 37 का प्रतिनिधित्व रहा।

14 पीईईओ के विद्यालयों का प्रतिनिधित्व नहीं रहा। सबसे अधिक घासा के 15, फतहनगर एवं मावली से 8-8, खेमली से 07, सालेरा कला से 06, पलाना कला से 5, भीमल,बोयणा, लोपड़ा, महुड़ा से 4-4, थामला, डबोक, बड़गांव, सनवाड़ से 3-3, नान्दवेल, सांगवा, फलीचड़ा, नऊवा, ढूंढ़िया,साकरोदा, खरताणा, ईंटाली,धोलीमंगरी से 2-2, सिंधु, बड़ियार, चंदेसरा, माणकावास, खाम की मादड़ी, रख्यावल, वासनी कला, मेड़ता, लदानी, गोविन्दपुरा, गुड़ली, तुलसी दास जी की सराय से एक-एक विद्यार्थियों को टेबलेट एवं चार्जर एडॉप्टर वितरण किया गया।

टेबलेट वितरण के समय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार सुथार, एसीबीईओ प्रथम प्रकाश चंद्र चौधरी, सनवाड़ के प्रधानाचार्य भानसिंह राव, संदर्भ व्यक्ति सोहन लाल बुनकर, पंकज जोशी, चुन्नी लाल अहीर, प्रशासनिक अधिकारी करण सिंह राव, सहायक लेखाधिकारी आशीष कुमावत,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सतीश कुमार झा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी गौरव पालीवाल, पवन नागोरी, चंद्र विजय मेघवाल, कमलेश त्रिवेदी, भुपेन्द्र सिंह सैनी, कमल सिंह, रमेश बड़गुर्जर, सरजी बाई, महेंद्र सिंह, शांति लाल, शंकर लाल उपस्थित रहे। टेबलेट एवं चार्जर एडॉप्टर वितरण से संबंधित दस्तावेज संग्रहण एवं फाईल अद्यतन करने में चंद्रविजय मेघवाल एवं कमलसिंह की विशेष भूमिका रही।

## भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**फतहनगर।** भारतीय किसान संघ ईंटाली ग्राम समिति तहसील सनवाड की बैठक हनुमान अखाड़े में ग्राम समिति अध्यक्ष कैलाश चंद्र जणवा की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें वल्लभनगर तहसील अध्यक्ष अध्यक्ष दुर्गा शंकर मेनारिया, मेनार ग्राम समिति अध्यक्ष मांगीलाल सिंगावत, संनवाड तहसील प्रभारी जगदीश पुष्करणा, उदयपुर जिला संगठन मंत्री कपिल देव ने समिति के दायित्ववान कार्यकर्ताओं तथा ग्राम के प्रबुद्ध जन की उपस्थिति में बैठक आयोजित की। जिला संगठन मंत्री कपिल देव ने भारतीय किसान संघ की रीति नीति व ग्राम समिति के महत्व की जानकारी दी। इस दौरान गांव के किसान बंधु व प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री जन आवास योजना के लिए अंतिम अवसर

**फतहनगर।** नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ द्वारा उदयपुर रोड हाईवे पर स्थित मुख्यमंत्री जन आवास योजना के अन्तर्गत प्रथम चरण में 203 आवेदकों को लॉटरी के माध्यम से फ्लेट आवंटित किये गये थे। उक्त आवेदकों द्वारा आज दिनांक तक राशि जमा नही कराई गयी है। पालिका उपाध्यक्ष नितिन सेठिया द्वारा बताया गया कि उक्त आवेदकों को पुरानी दर पर राशि जमा कराने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठाते हुए शीघ्र राशि जमा करावे साथ ही योजना में शेष विकास कार्य भी पूरे करा दिये जावेंगे तथा राशि जमा नही करानें पर आंवटन निरस्त करते हुए पुनः लॉटरी निकाली जावेगी।

# राजस्थान के ग्रामीण अंचलों विशेष कर डूँगरपुर ज़िले में बने हुए तालाबों एवं नदियों की साफ सफाई और रखरखाव के साथ जल संचय संरक्षण और संवर्द्धन के लिए विशेष निर्देश जारी किए जायें - के के गुप्ता

**डूंगरपुर (पुकार)।** भारत सरकार के युवा और खेल मन्त्रालय में स्वच्छ और विकसीत भारत के मानद रिसोर्स पर्सन तथा राजस्थान सरकार के स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के समन्वयक के के गुप्ता ने केन्द्रीय जल शक्ति मन्त्री सी आर पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को ज्ञापन प्रेषित कर प्रदेश के ग्रामीण अँचलों में बने हुए तालाबों एवं नदियों की साफ सफाई और रखरखाव करवाने के साथ जल संचय संरक्षण और संवर्द्धन के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया जाए ।

गुप्ता ने डूँगरपुर ज़िले के सागवाड़ा के निकट मोरन नदी के किनारे स्थित खड़गदा गाँव में जल संचय एवं जल संरक्षण के लिए आयोजित कथा के भव्य आयोजन में भाग लेने आये केन्द्रीय जल शक्ति मन्त्री सी आर पाटिल और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को गायत्री परिवार मन्दिर प्रांगण में यह ज्ञापन प्रेषित करते हुए आदिवासी बहुल वागड़ अंचल के डूँगरपुर जिले के गांवो में बने हुए तालाबों एवं नदियों की साफ सफाई और रखरखाव करवाने का आग्रह किया, ताकि जल संचय एवं जल संरक्षण की दिशा में कारगर एवं जन उपयोगी कार्य हो सकें। उन्होंने बताया कि नदियों और तालाबों के जल ग्रहण क्षेत्रों में अतिक्रमण होने से ये जल स्त्रोत धीरें धीरें समाप्त हों रहें है।उन्होंने माँग की कि नदियों और तालाबों केचमेंट एरिया का सर्वेक्षण कर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया जाना चाहिये। साथ ही ग्रामीण विकास मन्त्रालय को विशेष बजट आवंटित करा नदियों और तालाबों में जल संचय और संवर्धन के कार्य कराने पर विशेष ध्यान देने की जरूरत हैं।



गुप्ता ने ज्ञापन में लिखा कि भूजल एवं सतही पानी की कमी वाले राजस्थान कई ग्राम पंचायतों और गांवो में मॉडल तालाब एवं परम्परागतजल स्त्रोत युक्त तालाब बने हुए हैं लेकिन ज्यादातर तालाब गंदगी से भरे पड़े हैं।

उनके चारों तरफ अतिक्रमण हैं।इनमें गंदा पानी जा रहा है एवं यें तालाब पोखर बन गंदगी का अड्डा बन चुके हैं तथा इनका सीमांकन नहीं होने से तालाब की सीमा का पता ही नहीं चला पा रहा है जिस कारण इनमें आये दिन अतिक्रमण हो रहें है।

गाँवों में जल का प्रमुख स्त्रोत माने जाने वाले इन तालाबों में वर्षा का जल एकत्र नहीं होने के कारण पशुओं को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है । साथ ही आसपास के क्षेत्र के भूजल स्तर में भी वृद्धि नहीं हो पाने से हैण्डपम्प आदि सूख रहें हैं।। इसका असर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना जल जीवन मिशन पर भी पड़ रहा हैं और हर-घर नल पहुंचाने के काम में दिक्कत आ रही हैं।क्योंकि जल आपूर्ति के प्रमुख स्त्रोत गांव के तालाब और धरती के अंदर के जल को नल कूप के माध्यम से ही उपयोग में लेने में बाधायें आ रही हैं।

गुप्ता ने बताया कि मैंने स्वयं कुछ दिनों पूर्व डूंगरपुर जिले की पंचायत समिति की ग्राम पंचायत नराणिया और पुनाली तथा पंचायत समिति सागवाड़ा की ग्राम पंचायत बरबुदनिया में स्वच्छता के कार्यों का निरीक्षण एवं तालाबों का अवलोकन किया था।

दुर्भाग्य से यें तालाब गंदगी से भरे हुए थे, गांव का गंदा पानी भी तालाब में आ रहा था तथा ये जल स्त्रोत आवारा पशुओं और जहरीलें जीव जंतुओं तथा गंदगी से भरे हुए थे। जिससे ग्रामवासी भी बीमारियां फैलने से आशंकित एवं भयभीत थे ।

गुप्ता ने अपने ज्ञापन में माँग रखी कि राज्य के समस्त गांवो में बने हुए तालाबों की उचित साफ-सफाई और स्वच्छता कराई जायें।

तालाब तक पहुंचने के मार्ग सुगम बनाये जाए और आसपास कंटीली झाड़ियां आदि की सफाई होनी चाहिए। तालाबों में जल आवक के मार्ग अतिक्रमण और अन्य किसी भी प्रकार के अवरोध से मुक्त होने चाहिए।

तालाबों का सीमांकन किया जाए ताकि तालाब का कैचमेंट एरिया की जानकारी ग्राम पंचायतों के साथ आम अवाम को प्राप्त हो सके।ग्राम पंचायत द्वारा मॉडल तालाब के रूप में चयनित किए गए तालाबों के रखरखाव पर व्यय राशि की समीक्षा की जानी चाहिए।तालाब की बनी हुई पाल पूर्ण रूप से पक्की होनी चाहिए और उसमें किसी प्रकार का रिसाव अथवा सीपेज नहीं हो।

साथ ही तालाबों में गांव का गंदा पानी नहीं आना चाहिए।गुप्ता ने केन्द्रीय मन्त्री पाटिल और मुख्यमन्त्री शर्मा को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का आग्रह किया।

केन्द्रीय जल शक्ति मन्त्री सी आर पाटिल और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुप्ता को इस सम्बन्ध में यथाशीघ्र कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया हैं।

# सात दिवसीय छरित पालित यात्रा संघ सकशुल लौटा

## गाजे बाजे के साथ गिरनार तीर्थ की ध्वजा लेकर पहुंचे लाभार्थी के घर



**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री जैन श्वेताम्बर वीशा पोरवाड़ संघ डूंगरपुर एवं आचार्य श्री मृदुरत्नसागर जी, मुनि रत्नसागर जी एवं पवित्ररत्न सागर जी की निश्रा में गत 28 दिसम्बर को डूंगरपुर से टंकगिरी एवं वहां से गिरनार हेतु पैदल संघ की सात दिवसीय यात्रा कर शनिवार को सुबह सकुशल डूंगरपुर लौटे। जहां तीर्थ यात्रियों का परिजनों एवं समाज जनों ने आगवानी की।

संघ के अध्यक्ष गजेन्द्र जैन एवं यात्रा समिति के तत्वावधान में 28 दिसम्बर को गिरनार हेतु यात्रियों का जत्था रवाना हुआ था,जो कि 29 को टंकगिरी पहुंचा। जहां विश्राम के पश्चात 30 दिसम्बर से प्रतिदिन लगभग 15 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए विभिन्न तीर्थो की वंदना करते हुए 2 जनवरी को गिरनार पहुंचे थे। जहां भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसके पश्चात 3 तारीख को भौर में गिरनार पहाड़ पर पहुंचे जहां नेम प्रभु के दरबार में पहुंच कर दर्शन, सेवा पूजा के साथ बहुमान के कार्यकम हुए। 3 जनवरी देर रात्रि को गिरनार से डूंगरपुर हेतु रवाना हुए जो कि शनिवार को भौर में डूंगरपुर पहुंचे। इस दौरान गिरनार में मुख्य मंदिर पर ध्वजा चढ़ाने का लाभ आलोक कोदरलाल शाह परिवार द्वारा लिया गया था तथा वहां से पूर्व की ध्वजा को लेकर डूंगरपुर पहुंचने के पश्चात श्री संघ के सानिध्य में गाजे बाजे के साथ नेमिनाथ मंदिर से आदर्श नगर लिक रोड़ होते हुए लाभार्थी परिवार के निवास पर पहुंचे। इससे पूर्व संघ द्वारा लाभार्थी परिवार का अभिनदंन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संघ के सदस्य उपस्थित थे।

# मन की उड़ान संस्थान का चौथा स्थापना दिवस मनाया



**डूंगरपुर(पुकार)।** मन की उड़ान संस्थान के 4 वर्ष पूर्ण होने पर मिलन समारोह का आयोजन रखा गया।

संस्थान की संस्थापक कामना चौबीसा ने वर्ष-2025 की कार्ययोजना व रूपरेखा सांझा की गई,जिसमें संस्थान द्वारा नवाचार करते हुए योगासन,ध्यान, प्राणायाम,आत्मरक्षा, शस्त्र संचालन तथा वैदिक ज्ञान शास्त्र विद्या की दैनिक अभ्यास कार्यशालाओं की मौखिक व वीड़ियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से आयोजन की जानकारी दी गई तथा साथ ही सिलाई, कॉस्मेटोलॉजी, ब्यूटी एंड वैलनेस, आईटी, कंप्यूटर, पेंटिंग, कशीदाकारी, कढ़ाई-बुनाई के प्रशिक्षणों से अधिक से अधिक बालिकाओं व महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की ओर प्रेरित करने का संकल्प लिया गया। संस्थान द्वारा समय-समय पर बाहर के अनुभवी प्रशिक्षकों, संदर्भ व्यक्तियों व विशेषज्ञों द्वारा महिला सशक्तिकरण, आत्मरक्षा, शास्त्र ज्ञान और शस्त्र संचालन के शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर संस्थान के सभी पदाधिकारी व सदस्यों ने मिलकर संस्था,योगासन, आत्मरक्षा व वैदिक ज्ञान के पोस्टर का विमोचन किया। संस्थान के पदाधिकारी कामना चौबीसा, रेनू चौबीसा, अंकिता शाह व सदस्य संगीता साद, सोनल सेवक,चित्रा व्यास, प्रेरणा डेंडोर,कृष्णा अहारी, निशा व्यास,वर्षा जैन,सरिता सोनी,वंदना भाटिया, निशु प्रजापति,वृत्तिका साद, मयूरी चौहान उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 वीं स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर एवं 2025 के आगमन पर स्वर्ण जयन्ति सम्मान समारोह रविवार को सपरिवार स्नेह मिलन समारोह सुरपुर स्थित राज कुमार सेन के फार्म हाउस ग्रीन वेली रिसोर्ट मॉडल स्कूल के पास रखा गया है।

श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन के सचिव हिमांशु भावसार ने बताया कि कार्यक्रम के शुभारंभ में सरस्वती वंदना के पश्चात् बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से गीत,कविता एवं डांस कार्यक्रम रखा गया है । सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात् महिला, पुरुषों एवं बच्चों हेतु रस्सा कस्सी, चम्मच रेस, बलुन प्रतियोगिता, चुड़ी प्रतियोगिता, अंतराक्षी, खो-खो, वाटर बॉल गेम, जलेबी रेस, कुर्सी रेस, हाउजी गेम, पिरामिड़ गेम अन्न विभिन्न प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रातः11.30 बजे रखा गया है । दोपहर 2.30 बजे श्रीगल्ला किराणा व्यापारी ऐसोसिएशन की 50 वीं स्वर्ण जयंती सम्मान समारोह कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं अतिथि स्वागत के साथ किया जायेंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष के.के. गुप्ता एवं कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि अंलकार गुप्ता चिकित्सा विभाग अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल आमेटा, वाणिज्य कर अधिकारी विपीन जैन जिला रसद अधिकारी, जी.एस.नरुकाजी कृषि उपज मण्ड़ी अधिकारी एवं एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रहेगें। स्वागत भाषण एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण पटवा द्वारा किया जायेगा। इसके पश्चात 50 वर्ष की गतिविधियों एवं उपल्बिधयां की जानकारी वरिष्ठ पदाधिकारों द्वारा दी जायेगी एसोसिएशन द्वारा जिला पत्रकार संघ डूंगरपुर के समस्त सम्मानीत पत्रकारों का भी सम्मान किया जायेंगा। 1974 में ऐसोसिएशन की स्थापना में योगदान देने वाले वरिष्ठ सदस्यों का भी सम्मान किया जायेगा। 50 वीं स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में श्री गल्ला किराणा व्यापारी एसोसिएशन को 50 वर्षो से निरन्तर अपनी सेवा देने वाले एसोसिएशन के समस्त व्यापारियों को सम्मानित किया जायेंगा।

### आशा सहयोगिनी का जिला सम्मलेन आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** राजस्थान आशा सहयोगिनी एवं साथीन यूनियन सिटू जिला डूंगरपुर का तीसरा जिला सम्मलेन शहिद भगतसिंह भवन डूंगरपुर में 5 जनवरी रविवार प्रातः 11 बजे यूनियन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरेखा और राज्य संयोजक सुमित्रा चौपड़ा की अध्यक्षता में होगा।

आशा यूनियन जिलाध्यक्ष लीलावंति अहारी ने बताया कि देश की सरकार ने आशा सहयोगियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा हैं। भयंकर महंगाई में अल्प वेतन भोगी से भी न्यून स्तर पर है। सरकार वर्कर्स का भारी शौषण कर रही है। संगठित होकर मांगो के लिये संघर्ष करें और सरकार से आशा की मांगो को पर शीघ्र विचार करें। आशा वर्कर्स को पक्का करों जब तक पक्का नहीं किया जाता तब तक न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए दिया जाए और सभी सामाजिक सुरक्षा लाभ दिए जाएं । बढ़ती महंगाई और बढ़ते काम को देखते हुए आशाओं के मानदेय को बढ़ाया जाए। आशा सहयोगी की प्रमुख मांगे के मद्देनजर केंद्रीय मद के मानदेय को तुरंत भुगतान करने,आशा वर्कर्स की रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष करने, सभी आशा वर्कर्स को परिवार सहित इलाज की गारंटी देने, स्वास्थ्य के ढ़ांचे को मजबूत कर स्वास्थ्य बजट बढ़ाने, ईएसआई, पीएफ व ग्रेच्युटी प्रदान करने, आशाओं को कई प्रकार के ऑनलाइन कार्य नहीं कराने,आशाओ को माह की 1 तारीख को मानदेय दिलाने, ड्रेस का फण्ड़ दिलाने, ऑनलाइन काम के लिये मोबाइल फोन उपलब्ध करवाने,आशा वर्कर्स को रिटायर्मेंट के बाद पेंशन 5 हजार रूपये करने की मांग की जायेगी। साथ ही संगठन का जिला सम्मलेन में सभी आशा सहयोगिनी को अधिक से अधिक पहुंचने का आव्हान किया।

### सूक्ष्म लघु उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान, डूंगरपुर की ओर से गाँव फलौज ब्लाक दोवड़ा में राजिविका द्वारा प्रायोजित 13 दिवसीय सूक्ष्म लघु उद्योग प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक मनोज सथार द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बडौदा फलोज मैनेजर स्वरजीतसिंह चौहान व मैनेजर उर्मिला, सरिता ने संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूर्ण करने की बधाई दी और स्वयं का रोजगार शुरू कर जीवन सफल बनाने की कामना की, इस मौके पर संस्थान के फैकल्टी जयप्रकाश बलाई ने कार्यक्रम का संचालन व धन्यवाद व्यक्त करते हुए सभी के उज्वल भविष्य की कामना की।

### निर्माण मजदूरों का श्रम कार्यालय पर धरना-9 को

**डूंगरपुर(पुकार)।** बिल्डिंग वर्कर्स कारीगर मजदूर यूनियन जिला कमेटी डूंगरपुर सीटू की बैठक का.प्रभुलाल डिंडोर की अध्यक्षता में नेहरू पार्क में संपन्न हुई। बैठक में महामंत्री जीवालाल रोत ने कहां कि राज्य सरकार असंगठित मजदूरों के योजनाओं को ठंडे बस्ते में डाल रही है आए दिन पिछली सरकार के गलत नीतियों का डिंडोरी पीट रही रही है,जबकि वर्तमान सरकार ने मजदूरों की नाराजगी का फायदा उठाया है। यूनियन ने केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार में मजदूर के काम नहीं होने का आरोप लगाया और कहां कि निर्माण मजदूर श्रमिक कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं,परंतु कोई संतोषप्रद जवाब नहीं मिल पाता है जिससे मजदूरों में भारी आक्रोश है, यूनियन ने पिछले 14 अगस्त को धरना लगाकर ज्ञापन दिया था,जिसमें प्रमुख रूप से छात्रवृत्ति के आवेदन की सूची दी थी,सूची अनुसार अभी तक कोई लाभ नहीं मिला है इसलिए 9 जनवरी को डायरी नवीनीकरण, नये आवेदन,आधार कार्ड अपडेशन लेकर श्रम कार्यालय पर प्रदर्शन करने का निर्णय किया है। बैठक में बंशी रोत, कांतिलाल ननोमा, मानकलाल, अमृतलाल यादव,शंकरलाल रोत,गौतमलाल कोटेड़ आदि सम्मिलित हुए।

### चाकू मारकर हत्या का प्रयास करने के आरोपी दो भाई गिरफ्तार

**खेरवाड़ा (पुकार)।** खेरवाड़ा पुलिस ने हत्या का प्रयास करने के दो आरोपी सगे भाइयों को गिरफ्तार किया। थानाधिकारी देवेन्द्र सिंह राव के नेत्तृव गठित टीम ने गांव गमेती फला बलिचा में 27 दिसंबर को जान से मारने की नीयत से महिला पर किए गए वार के प्रकरण में दबिश देकर दो आरोपी रणजीत (21) पुत्र रमेश खराड़ी निवासी गमेती फला खेड़ाघाटी एवं पवन (23) पुत्र रमेश खराड़ी निवासी गमेती फला खेडाघाटी को गिरफ्तार कर प्रकरण में महत्वपुर्ण सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाधिकारी सहित मनीष कुमार सउनि, कांस्टेबल दिलीप कुमार, विरेन्द्र कुमार, रणजीत, महेन्द्र सिंह, मनीष कुमार रमेश का योगदान रहा।

# पाटीदार युवा मंडल धंबोला की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ समापन

## ●वॉलीबॉल में धंबोला, फुटबॉल में झलाब और कबड्डी में किशनपुरा विजई

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** चौरासी पाटीदार समाज अंतर्गत पाटीदार युवा मंडल धंबोला की ओर से चल रही खेलकूद प्रतियोगिता का समापन शनिवार देर शाम को हुआ। आयोजन कमेटी के पवन पाटीदार ने बताया कि शनिवार को सभी खेलों के सेमीफाइनल ओर फाइनल मैच खेले गए।



फुटबॉल में झलाब ने करावाड़ा को एक गोल से हरा ट्राफी अपने नाम की। वहीं कबड्डी में किशनपुरा ने करावाड़ा को हरा खिताब अपने नाम किया। वॉलीबॉल में खिताबी मुकाबले में धंबोला ने किशनपुरा को 2-1 सेट से हरा ट्राफी की सौगात प्राप्त की। अंतिम दिन सभी खेलों में खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल में बेस्ट प्लेयर सिद्धार्थ धंबोला, फुटबॉल में शैलेश झलाब, कबड्डी में तनुज किशनपुरा को चुना गया। समापन समारोह प्रभुलाल पाटीदार करावाड़ा के आतिथ्य में हुआ। सभी खेलों में विजेता ओर उप विजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। अगले साल यह प्रतियोगिता पाड़लिया में रखने का निर्णय लिया जहां युवा क्लब पाड़लिया को ध्वज सौंपी गई। निर्णायक में गोपाल पाटीदार,मुकेश पाटीदार, चिराग, जयदीप पाटीदार ने भूमिका निभाई। गेहरीलाल पाटीदार,नाथू लाल, धनेश्वर, धूलेश्वर , कचरू लाल,गौतम लाल, पोपट पाटीदार, खेल समिति प्रभारी मनोज पाटीदार सहित मौजूद रहे। संचालन प्रवीण पाटीदार ओर आभार पवन पाटीदार ने जताया।

# पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने सीएम को खड़गदा में सौंपा ज्ञापन



**डूंगरपुर(पुकार)।** पंचायती राज मंत्रालयिक कर्मचारी संघ जिला डूंगरपुर द्वारा मुख्यमंत्री का खड़गदा जिला डूंगरपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 11 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिले के जिलाध्यक्ष रायसिंह अहाड़ा महामंत्री रमेश कुमार यादव प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव,मणिलाल यादव और अन्य संघ से जुड़े कार्मिक उपस्थित थे।

# 350 बेटियों का सम्मान करेगा सिंधी समाज

**उदयपुर (पुकार)।** समाज की बेटियों व महिलाओं के उत्थान के लिए सिंधी समाज नई पहल करने जा रहा है। पूज्य जैकब आबाद सिंधी पंचायत और पूज्य सिंधी साहिती पंचायत उदयपुर की ओर से समाज की बेटियों व महिलाओं के विभिन्न प्रयासों को प्रोत्साहित करने व उनकी सफलता को सम्मानित करने के लिए आगामी दिनों में महिला शक्ति सम्मान आयोजित किया जाएगा। समाज प्रमुख पूर्व राज्यमंत्री हरीश राजानी ने बताया कि समाज में बेटे-बेटी में कोई अंतर ना दिखे और प्रतिभाओं को उचित सम्मान मिले, इसके लिए समाज की ओर से 350 बेटियों का आगामी दिनों में स्वागत-अभिनंदन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज की बहन-बेटियों के सम्मान को लेकर समाज बहुत उत्साहित हैं और आयोजन की तैयारियां जोरों से जारी हैं। आगामी दस जनवरी तक आवेदन जारी रहेंगे, जिससे अभी और भी बेटियों के नाम आने की संभावना है। राजानी ने बताया कि इस सम्मान के बाद समाज उन समाज की बहुओं का भी सम्मान करेगा जिन्होंने अपने परिवार जो संजोके रखा है और खुशी से अपने सास-ससुर के साथ पिछले 10 वर्षों से रह रही हैं।

सम्मान के लिए पात्रता : समाज में परिवार की जिम्मेदारियां निभाते हुए आर्थिक सहयोग, व्यवसाय में पुरुषों को सहयोग करने, उच्च शिक्षा प्राप्त कर केंद्र-राज्य सरकार या उद्योगों में उच्च पदों पर कार्यरत, अन्य क्षेत्रों में विशेष उपलब्धियां प्राप्त कर समाज का नाम रोशन करने वाली बेटियों व महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। आवेदन की इच्छुक महिलाएं समाज भवन में आगामी 10 जनवरी तक ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन दे सकती हैं। ऑफलाइन आवेदन झूलेलाल भवन शक्ति नगर, झूलेलाल मंदिर सेक्टर 13 व सेक्टर चार, पूज्य सिंधी पंचायत प्रताप नगर कार्यालय व सिंधु भवन भूपालपुरा पूज्य खानपुर पंचायत में जमा कराए जा सकते हैं।

# नववर्ष पर की झूलेलाल सांई की महाआरती

**बांसवाड़ा (पुकार)।** नववर्ष 2025 के प्रारंभ पर पूज्य श्री सिंधी पंचायत और श्री झूलेलाल मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ श्री झूलेलाल साई की 108 दीपकों द्वारा महाआरती की गई। प्रारंभ में समाज के पुरोहित पुरुषोत्तम केवलिया ने मंगलाचरण किया। सिंधी महिला सेवा समिती द्वारा भजनों के बाद झूलेलाल साई की आरती में समाज के अध्यक्ष अनिल मेठानी, सचिव डॉ.हरीशचंद्र लालवानी, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोतानी, विजय छाबड़ा, सुनील कालरा, सुनील वाधवानी, प्रदीप संतवानी, रतन आसवानी, सुनील मंगलानी, बैजनाथ मैठानी, आनंद रूपचंदानी, मुकेश लखानी, हरीश हरियानी, अजीत चावला सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। बालिका प्रियांशी टहलानी ने अरदास की। अरदास में विश्व कल्याण की भावना के साथ आने वाला नववर्ष परिवार में खुशहाली, समाज में एकता, देश दुनिया के सभी मानव मात्र का उत्थान हो सभी स्वस्थ रहे प्रसन्न रहें प्रार्थना की गई। इस अवसर पर झूलेलाल साई के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे।

प्रवक्ता गिरधारी वाधवानी ने बताया कि सिंधी महिला समिती की राधिका प्रियाणी, ज्योति रूपचंदानी, रेखा आरतानी, माया संतवानी, मनाली लखानी, भूमिका बोधवानी, रश्मि तलरेजा, गीता वाधवानी, रिया हिरानी, निशा संतवानी, दिव्या वाधवानी, नित्या आरतानी सहित कई महिलाएं मौजूद रही। श्रद्धालुओं को लक्की ड्रा द्वारा आकर्षक उपहार भी दिए गए।

## राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय में लैंगिक उत्पीड़न निवारण कार्यशाला आयोजित

# कार्य स्थल पर महिला सुरक्षा स्वस्थ समाज का प्रमुख संकेतक : एसके सिंह

**कोटा (पुकार)।** राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय कोटा के महिला उत्पीड़न समिति द्वारा महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न से संरक्षण तथा निवारण पर विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं एवं कार्यरत स्टाफ़ व शिक्षकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। सह जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बाताया कि कार्यशाला में कार्यस्थल पर महिलाओं के सामने आने वाले उत्पीड़न तथा इससे निपटने के तरीकों के बारे में गहन चर्चा की गई। मुख्य वक्ता प्रोफेसर अरुण कुमार शर्मा एवं अधिवक्ता श्रीमती कल्पना शर्मा ने महिलाओं की कार्य स्थल पर सुरक्षा से संबंधित कानूनी जानकारियों से अवगत करवाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजक प्रोफेसर मनीषा व्यास, डॉ. हरीश शर्मा, डॉ. लता गिडवानी एवं डॉ. सुनीता चाहर उपस्थित थी। कुलपति प्रोफ़ेसर एस के सिंह ने अपने संदेश में कहा कि यौन उत्पीड़न और इन से जुड़े मुद्दों के निवारण में शैक्षणिक संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित महसूस करने पर जोर दिया, क्योंकि यह स्वस्थ समाज का प्रमुख संकेतक है, ताकि महिलाओं के सम्मान बुनियादी मानवाधिकारों, कुशलता, सुरक्षा और समग्र सशक्तिकरण सुनिश्चित किया जा सकें।




डीन फैकल्टी अफेयर्स प्रोफेसर दिनेश बिड़ला ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं को सम्मान, गरिमा और अधिकार के साथ समाज में रहने, किसी व्यवसाय, व्यापार या कार्य को करने की स्वतंत्रता है, सुरक्षित कार्य वातावरण का अधिकार एक मौलिक अधिकार है। महिला उत्पीड़न समिति की अध्यक्ष प्रो. मनीषा व्यास ने कहा कि हम सभी का दायित्व है कि महिलाओं को कार्यस्थल पर पूरी तरह सुरक्षित वातावरण उपलब्ध हो। जिससे वे कार्यस्थल पर सहज अनुभव करें। कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम महिलाओं को समानता के मौलिक अधिकारों की पुष्टि करता है। कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के कारणों को समझना कार्यस्थल पर उसे रोकने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। आज कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहाँ महिला प्रगति नहीं कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

## दृष्टिबाधित छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियॉ दे लूई ब्रेल जयंती समारोह पूर्वक मनाई



**उदयपुर (पुकार)।** दृष्टिबाधित समुदाय को जीवन रेखा देने वाले तथा ब्रेल लिपि के आविष्कारक महान वैज्ञानिक लुई ब्रेल की 216वीं जयंती के उपलक्ष में समीधा संस्थान उदयपुर एवं राउमावि प्रज्ञाचक्षु अंध विद्यालय द्वारा आयोजित समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ प्रभावी उद्बोधन द्वारा विद्यार्थियों को अभिप्रेरित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पीएनबी बैंक मेनेजर कीशन लाल, अति विशिष्ट अतिथि आभा शर्मा, समीधा संस्थान के संस्थापक डॉ. चंद्रगुप्त सिंह चौहान, राहडा फाण्डेशन के संस्थापक अर्चना सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर प्रारंभ किया। प्रारंभ में सामूहिक सरस्वती वंदना से शुरुआत हुई। प्रज्ञाचक्षु विद्यालय में आयोजित लुई ब्रेल जयंती कार्यक्रम में दृष्टिबाधित छात्रों में भरत ,मुकेश जाट, इश्वर मीणा ने भजन व गीत प्रस्तुत किए। दृष्टिबाधित छात्र देवेंद्र मीणा का आरएएस मुख्य परीक्षा मे उत्तीर्ण होने पर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण सुधार व सुझावों का विनिमय हुआ। कार्यक्रम में लालचन्द रावत प्रशान्त शर्मा अली असगर बोहरा,जयश्री, मनीषा लोढ़ा,ने संबोधित किया। विशिष्ट अतिथि आभा जी शर्मा ने लुई ब्रेल सीखने का महत्त्व बताते हुए लुई ब्रेल के जीवन पर प्रकाश डाला। समारोह का संचालन प्रमिला पगारिया ने किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य प्रमिला पगारिया, प्रदीप रवानी अशोक मालवीय दीपक शर्मा कुंतल जी जोशी गौरव नागर,यशवंत मंडावरा एडवोकेट अक्षय मेहता एडवोकेट उदय सिंह बाघेला एडवोकेट सूर्य प्रकाश बरांडा, आदि मौजूद रहें।

## मुकेश माधवानी ने सीएम को भेजा उदयपुर में बेकरी नगर की स्थापना का सुझाव

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार आगामी बजट को लेकर प्रदेशवासियों से सुझाव मांग रही है। इसी को लेकर उदयपुर बेकरी एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश माधवानी ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मेल के जरिये उदयपुर में बेकरी नगर स्थापित करने का अनुरोध किया है। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि उदयपुर में अनुमानित 200 से अधिक बेकरी शॉप्स सक्रिय हैं, और कई लोग घर से बेकरी व्यवसाय चला रहे हैं। बढ़ती मांग और उत्पादन की जरूरत को देखते हुए, बेकरी नगर की स्थापना की आवश्यकता है। मुकेश माधवानी ने बताया कि बेकरी नगर में सरकार को जो सुझाव दिया गया है, उसमें सभी बेकरी व्यवसायिको को रियायती दरों पर जमीन आवंटन करने की भी मांग की गई है। मुकेश माधवानी ने सरकार से आग्रह किया है कि इस परियोजना को राजस्थान के आगामी बजट में शामिल किया जाए और इसके लिए जरूरी भूमि आवंटित की जाए।

## अहं कृतज्ञोस्मि के साथ 3 दिवसीय प्रेक्षा ध्यान शिविर सम्पन्न



**उदयपुर (पुकार)।** शहर के नजर बाइ डाइम चंद महावीर स्वाध्याय भवन में शासन श्री मुनि सुरेश कुमार, मुनि मुनि सुव्रत के सान्निध्य में चल रहे त्रिदिवसीय प्रेक्षाध्यान शिविर का अहम् कृतज्ञोस्मि के साथ सम्पन्न हुआ। महावीर स्वाध्याय - साधना समिति व तेरापंथ समा उदयपुर के तत्वावधान में आयोजित अंशकालीन शिविर के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए शासनश्री मुनि सुरेश कुमार ने कहा - जहां कषाय प्रकंपित हो, जहां निर्मलता सहजता उतर आये वो ध्यान का स्थान है। ध्यान बस होश में जीने का अभ्यास है। मुनि मुनि सुव्रत कुमार ने कहा- साधक वही है जिसकी महत्वाकांक्षाए मर चुकी हो। आसक्ति आ तो सकती है मगर जा नहीं सकती। जन्म तो लाखों लेते हैं इस सृष्टि में जो कर्म को पावन रखकर साधनामय जीवन जीते , है उन्ही का जन्म सार्थक है। कुए में पानी निकालने के लिए बाल्टी धीरे-धीरे नीचे जाती है, साधना को भी यही सिद्धांत है।

मुनि सम्बोध कुमार 'मेधांश' ने कहा- अपेक्षा की परवरिश हो तो उपेक्षा का जन्म होता है। सेल्फ सेटिस्फेक्शन चेतना के परत पर उतरता है तब जब हम ध्यान का अभ्यास शुरू करते है। शुन्य में खोने लगे, गहराई में डुबने लगे तो जीवन स्वयं ही निखर उठेगा । आज शिविर की इति हो रही है, मगर अब से डेली लाइफ स्टाइल में ध्यान शिविर शामिल हो तो तनाव की गिरफ?त में उलझी जिन्दगी को अपना सर्वोच्च आनंद स्वयं ढूंढ लेगा। भीतर की खोज शुरू हो तो भीतर की शांति स्वयं मिल जाती हैं।

मुनि शुभम् कुमार ने कहा- हम अक्सर भ्रम में जी रहे है। ध्यान भ्रम को तोड़ता है। मिलावटी दौर में वस्तुओं की मिलावट के साथ मन में भी मिलावट आ गई। शुद्धि केवल वस्तुओं में नहीं चेतना में भी हो जो कहीं खो गई। जीवन ओस बिंद की तरह है एक क्षण में विलुप्त हो जाता है।

## रंगशाला में 'गधे की बारात' नाटक आज

**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर द्वारा आयोजित मासिक नाट्य संध्या 'रंगशाला' में रविवार को नाटक 'गधे की बारात' का मंचन किया जाएगा। पश्चिम क्षेत्र सास्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया की प्रति माह आयोजित होने वाली मासिक नाट्य संध्या रंगशाला रविवार को शिल्पग्राम उदयपुर स्थित दर्पण सभागार में 'गधे की बारात' नाटक का मंचन किया जाएगा। इस नाटक के नाटककार हरिभाई वडगांवकर तथा निर्देशक विश्वदीपक त्रिखा है। इस नाटक में प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

## उदयपुर बर्ड फेस्टिवल 16 जनवरी से

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर बर्ड फेस्टीवल 2025 में 11वें संस्करण का आयोजन 16 से 19 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, संरक्षण करने एवं स्थानों की पहचान जहाँ विभिन्न प्रकार के पक्षी पाये जाते है, को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण प्रेमियों, बर्डर, स्वंयसेवी संस्थानों, शिक्षाविद् विद्यार्थियों, सेना के अधिकारी/जवान, जनप्रतिनिधियों एवं आमजनों को पक्षियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 16 जनवरी को बर्ड रेस कार्यक्रम व 18 जनवरी को जलाशयों पर विभिन्न प्रकार के पक्षियों की प्रजातियों की पहचान (बर्ड वांचिंग) करने के लिए इच्छुक पक्षी प्रेमीगण अपना ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन वेबसाईट पर (बर्ड रेस का 500/- एवं जलाशयों पर बर्डिंग का 100/- का कन्फर्मेशन चार्ज देकर व ऑफलाईन रजिस्ट्रेशन कार्यालय उप वन संरक्षक वन्यजीव उदयपुर बड़ी रोड़, सोलर आब्जर्वेटरी के पास आकर जमा कर सकते है। ऑफ लाईन जमा के लिए इस कार्यालय के भैरूसिंह कुम्पावत के मोबाईल नम्बर 7665612146 पर सम्पर्क कर सकते है। पंजीकरण का कार्य दिनांक 14.01.2025 तक पूर्ण करें। किसी भी तकनीकी जानकारी के लिए क्षैत्रीय वन अधिकारी पर्यटन गजेन्द्र सिंह के मोबाईल नम्बर 7427819189 पर सम्पर्क कर सकते है।

# नए ओलंपिक संघ को मान्यता देना खिलाड़ियों के हितों के विपरीत

### दोनों एसोसिएशनों को साथ लेकर आईओए निकाले साझा समाधान




**उदयपुर (पुकार)।** आज हम एक ऐसे अहम मुद्दे पर बात करना चाहते हैं जिससे खिलाडियों के हितों का नुकसान हो रहा है। विवाद तो उपर के स्तर पर होता है लेकिन उसका खामियाजा लगातार मेहनत कर रहे खिलाडियों को होता है। यह बात उदयपुर पूर्व राजस्थान बेडमिंटन के अध्यक्ष एवं ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर बक्शी ने शनिवार को प्रेसवार्ता में कही। इस अवसर पर सेक्रेटरी हेमराज सोनवाल, कोषाध्यक्ष आर. के धाभाई भी उपस्थित थे।

अध्यक्ष सुधीर बक्षी ने बताया कि आपको बताना चाहेंगे कि स्व. जनार्दनसिंहजी गहलोत के स्वर्गवास के बाद यह स्थिति पैदा हुई जिसमें राजस्थान ओलिंपिक एसोसिएशन में एक नई एसोसिएशन बना दी गई। उसी दौर में गहलोतजी के साथ जो पिछ्ले 20 से 30 वर्षों से साथ थे, उन लोगों ने काफी समझाने की कोशिश की लेकिन कुछ लोग नहीं माने और उन लोगों ने दूसरी नई एसोसिएशन बना ली। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन ने प्रमाण पत्र दिया जिसका तात्पर्य यह रहा कि आप ही राजस्थान में ओलंपिक एसोसिएशन के कार्य को देखते हुए उनका प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके पक्ष में राम अवतार जाखड़, अनिल व्यास ने भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक के रूप में पूर्ण कानूनी तरीके से चुनाव करवाया जिसकी एफआईआर मान्यता भारतीय ओलंपिक संघ ने प्रदान की। भारतीय ओलंपिक संघ की वेबसाइट पर नाम दर्ज किया कि राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन के जाखड़ सचिव हैं और अनिल व्यास अध्यक्ष हैं।

सेक्रेटरी हेमराज सोनवाल ने बताया कि साल खेलो इंडिया में और नेशनल गेम्स की टीम में रामअवतार और अनिल व्यास की ओलंपिक एसोसिएशन की बनाई टीम खेली थी व उसमें भी कोई भेदभाव नहीं किया गया। सभी को शामिल करते हुए टीमों को भेजा गया था।

इसका मतलब यह था कि भारतीय ओलंपिक संघ ने पूर्ण रूप से अनिल व्यास को अध्यक्ष और रामावतार जाखड़ को सचिव बनाया। उन्हें एसोसिएशन को पूरा एफिलिएशन दे दिया था, मान्यता दे दी थी।

लेकिन कुछ दिन पहले इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन ने फिर एक बार अनिल व्यास वाली ओलंपिक संघ एसोसिएशन की बजाए अध्यक्ष तेजस्वीसिंह गहलोत और महासचिव सुरेंद्रसिंह गुर्जर वाली एसोसिएशन को मान्यता दे दी व वेबसाइट पर अनिल व्यास और रामअवतार जाखड़ की जगह उनका नाम दर्ज कर दिया गया। जिस एसोसिएशन का विधिवत खुद इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन ने चुनाव कराया उसी की वैधानिक खत्म करते हुए दूसरे गुट को अधिकार देना खेलों के सितारे गर्दिश में लाना और खेलों में एक डर भावना पैदा करने जैसा कदम है। यह समझ से परे है।

हमारा अपना मनाना है कि अगर भारतीय ओलिंपिक एसोसिएशन एक साथ मिलकर अच्छा प्रदर्शन करे, आपसी सामंजस्य से काम करे व खेलों को प्राथमिकता में सर्वोपरि रखें तो उचित होगा। ओलंपिक संघ अगर दोनों संघों में समझौता कराते हुए साझा प्रयासों के साथ काम करे तो वह ज्यादा बेहतर होगा। बजाय इसके कि मान्यताओं को बदलते हुए कभी इसे तो कभी उसे मान्यता प्रदान करे। इससे जो बच्चे खेल रहे हैं उनक भविष्य के साथ खिलवाड़ होगा जो किसी भी दृष्टि से उचित नहीं होगा।

कोषाध्यक्ष आर. के धाभाई ने बताया कि जो कुछ अभी घटित हुआ है यह भी कानून के विरूद्ध है क्योंकि जो दूसरे गुट के हैं वे अध्यक्ष पद पर आसीन हुए तो हैं लेकिन वे किसी भी खेल संघ के पद पर नहीं हैं जो न्यूनतम एक अर्हता है। इस पर नियम है कि राज्य एसोसिएशन में किसी पद पर होना चाहिए। यह भी है कि जो नॉन ओलिंपिक खेल है जो ओलिंपिक खेल में लिस्ट नहीं है उनके भी कई लोग पदाधिकारी बने हुए हैं। वहां भी वैध नहीं है। मेरा अपना विचार है कि दोनों संघों को एक साथ बिठाकर भारतीय ओलंपिक संघ को खेलहित में मध्यस्थता करते हुए कोई एक रास्ता अवश्य निकालना चाहिए। राजस्थान में खेलों की स्थिति वैसी ही खराब है। हम किसी भी उपलब्धि या पदक के मामले में हमेशा पीछे के नंबर पर आते हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर की बहुत कमी है जो खिलाडियों को आगे आने में एक बहुत बड़ी रूकावट है। हम यही अनुरोध करते हैं कि दोनों गुटों को बिठाकर इसका कोई उचित समाधान राजस्थान के खेलों के हित में निकाला जाए नहीं तो इसका न्याय कोर्ट में होगा।

सुधीर बक्षी ने कहा कि उदयपुर में इंफ्रास्ट्रक्चर में काफी काम हो रहा है लेकिन इसमें ज्यादा काम करने की आवश्यकता है। यूआईटी कमीश्नर ने काफी कुछ काम किया है। विशेषकर गुलाबचंदजी कटारिया की दूरदृष्टि से पूरा खेलगांव बना जिसमें अभी मल्टीपर्पज हॉल बना है वह राजस्थान का सबसे खूबसूरत हॉल है लेकिन उसमें बहुत काम बाकी है। अत-हमारा सरकार से अनुरोध है कि इसके लिए फंड जारी कर इसका विकास किया जाए। सुधीर बक्षी ने कहा कि गांधी ग्रांउड में भी नगर निगम, यूआईटी कमीश्नर और गुलाबजी के सहयोग से काफी काम हुए हैं।

अभी बहुत काम रूके हुए हैं उन्हें कराया जाए ताकि खिलाडियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# सतत विकास की रणनीति बनाने के लिए प्राथमिकताओं के साथ ही विशिष्ट लक्ष्य भी निर्धारित करने होंगे

### भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन



**उदयपुर (पुकार)।** भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विज्ञान संकाय के अंतर्गत संचालित प्राणी शास्त्र विभाग में व्याख्यान माला में 'सतत विकास-अवधारणा, रणनीतियां, सिद्धांत, आपदा और कमिशन' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो.अल्केश शाह, वाइसप्रिंसिपल एवं विभागाध्यक्ष प्राणी शास्त्र विभाग, बी.पी. साइंस इंस्टिट्यूट नवसारी, गुजरात ने उपस्थित विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए पर्यावरण तथा प्राकृतिक संसाधनों को बचाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा करते हुए कहा कि सतत विकास आर्थिक विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समानता के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता को प्रस्तुत करता है, साथ ही उन्होंने पर्यावरण एवं प्राकृतिक संसाधनों को भविष्य के लिए बचाए रखने पर बल देते हुए सभी विद्यार्थियों को वेस्ट मैनेजमेंट तथा भविष्य के लिए जल संरक्षण के उपाय बताएं। विभागाध्यक्ष डॉ.संगीता राठौड़ ने पर्यावरणीय स्थिरता के लिए निर्धारित विभिन्न लक्ष्यों को सभी के समक्ष प्रस्तुत किए। इस व्याख्यान से लगभग 150 विद्यार्थी लाभान्वित एव जागरूक हुए ।विज्ञान संकाय अधिष्ठाता डॉ .रेणु राठौड़ एवं सह अधिष्ठाता डॉ. रितु तोमर ने प्रो.शाह को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। विश्वविद्यालय चेयरपर्सन कर्नल प्रो .शिवसिंह सारंगदेवोत, सचिव डॉ.महेंद्र सिंह आगरिया, प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ तथा कुल सचिव डॉ .निरंजन नारायण सिंह खोड ने इस प्रकार के कार्यक्रम की आवश्यकता पर बल देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। डॉ.अभिमन्यू सिंह राठौड़, डॉ.सबीहा सिंधी, डॉ मोनिका राजावत, डॉ नीरजा शेखावत एवं सुदर्शन शक्तावत सहित सभी संकाय सदस्य इस अवसर पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक संचालन सुश्री रिद्धिमा शक्तावत ने किया। यह जानकारी जनसंपर्क अधिकारी डॉ. कमल सिंह राठौड़ ने दी।

## बड़ीसादड़ी जैन मित्र मण्डल का स्नेहमिलन एवं वार्षिक सम्मान समारोह आज

**उदयपुर (पुकार)।** बड़ी सादड़ी जैन मित्र मण्डल का स्नेहमिलन एवं वार्षिक सम्मान समारोह हिरणमगरी से. 4 स्थित श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ में 5 जनवरी को प्रातः साढ़े दस बजे आयोजित किया जायेगा।

मण्डल अध्यक्ष अरविन्द जारोली ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के सहकारिता एवं उड्डयन मंत्री गौतम दक,समारोह अध्यक्ष विशिष्ट अतिथि विधायक उदयपुर शहर ताराचन्द जैन,नगर विकास प्राधिकरण के आयुक्त राहुल जैन,विशिष्ठ अतिथि अमेरीका स्थित जतैना अकादमी सम्पर्क समिति के उपाध्यक्ष डॉ.मनीष मेहता होंगें।

मण्डल अध्यक्ष अरविन्द जारोली ने बताया कि कार्यक्रम में समाजगौरव अलंकरण से उपकुलसचिव मेडिकेप्स विश्वविद्यालय, इन्दौर के अशोक जी पितलिया, समाजविभुति अलंकरण से बड़ीसादड़ी के व्यवसायी देवेन्द्र मेहता, समाजभूषण अलंकरण से सेवानिवृत्त प्रबंधक पीएनबी के रमेश मेहता,समाज निधि अलंकरण से भीलवाड़ा के युवा उद्यमी दीपक जारोली, युवा गौरव अलंकरण से समाजसेवी एवं व्यवसायी दिलीप गदिया,समाजरत्न अलंकरण से फाउण्डर एवं सीईओ, जैन साइबर सोल्युशन, इन्दौर के वीरेन्द्र कोठारी,समाजविभुति अलंकरण हितेष मोगरा जनरल मैनेजर (सेल्स) वण्डर सीमेन्ट, उदयपुर,समाजभूषण अलंकरण वीरेन्द्र दलाल, नारी गौरव अलंकरण से निदेशक, आदिनाथ शिक्षण संस्थान की श्रीमती चन्दू कण्ठालिया,युवा गौरव अलंकरण प्रबन्धक, अल्ट्राटेक सीमेन्ट लि. पिंडवाड़ा के अनिल मेहता,आदर्श दम्पति अलंकरण से धर्मनिष्ठ दम्पत्ति एवं समाजसेवी श्री अशोक-श्रीमती मन्जूलता सर्राफ को प्रदान किया जायेगा।

# प्रेक्षा वरिष्ठ नागरिक संघ का 7वां स्थापना दिवस समारोह सम्पन्न





### 101 वरिष्ठजनों ने आदर्श परिवार बनाने का लिया संकल्प

**उदयपुर (पुकार)।** सामाजिक संस्था प्रेक्षा वरिष्ठ नागरिक संघ का 7वां स्थापना दिवस समारोह मुख्य संरक्षक राजकुमार फत्तावत के आतिथ्य व मोतीलाल पोरवाल की अध्यक्षता में नाईयों की तलाई स्थित तेरापंथ भवन में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि फत्तावत ने अपने उद्बोधन में कहां कि सभी वरिष्ठजन अपने-अपने परिवार को आदर्श परिवार बनाने का संकल्प लेकर उदाहरण प्रस्तुत करें। जो कि अन्य समाजजनों के लिए प्रेरक होगों। इस पर उपस्थित 101 परिवारों के वरिष्ठजनों ने आदर्श परिवार की स्थापना करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन अलविदा 2024, सुस्वागतम 2025 की थीम पर रंगारंग आयोजन से सम्पन्न हुआ। जिसमें गीत, संगीत, नृत्य व अन्य मनोरंजक कार्यक्रमों ने दर्शनों को झुमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर विगत महिनों में जन्मदिन व शादी सालगिरह आने वाले वरिष्ठजनों का अभिनंदन किया गया। प्रेक्षा परिवार में सम्मिलित नए सदस्यों का भी सम्मान किया गया।

**समाज गौरव से सम्मानित विभूतियां :** भंवरलाल मूणोत, राजमल चपलोत, ललित पोरवाल, मोतीलाल पोरवाल, विमला तोतावत, प्रकाश देवी कठांलिया, विजयलक्ष्मी मूंशी व हुकम बाई पोरवाल को मेवाड़ी पगड़ी, उपरणा, माला व स्मृति चिन्ह देकर समाज गौरव अलंकरण से विभूषित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ नमस्कार महामंत्र के मंगलाचरण से हुआ। शब्दों द्वारा स्वागत अध्यक्ष मोतीलाल पोरवाल ने किया। महामंत्री रतन मेहनोत ने गतवर्ष का प्रगति प्रतिवेदन व कोषाध्यक्ष नरेन्द्र नागोरी ने आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। आभार उपाध्यक्ष हुकम राज मेहता ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मंजू चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शांतिलाल सिंघवी, अम्बालाल चौधरी, मोहनलाल पोरवाल, मिश्रीलाल लोढ़ा, बीएल हिरण, अशोक लोढ़ा, अर्जुन खोखावत, छगनलाल बोहरा आदि समाजजन मौजूद रहे।

# आन-बान-शान के साथ आयोजित होगा राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह

### उदयपुर में प्रस्तावित गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां शुरू

### संभागीय आयुक्त व कलक्टर के नेतृत्व में टीम उदयपुर मुस्तैद

**उदयपुर (पुकार)।** राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी को उदयपुर में प्रस्तावित राज्य स्तरीय समारोह में मेवाड़ी आन-बान-शान के साथ आयोजित होगा। इसके लिए संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी और जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल के नेतृत्व में टीम उदयपुर मुस्तैद है।

इधर, जिला कलक्टर पोसवाल ने विभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए गणतंत्र दिवस समारोह को तिरंगे की शान के अनुरूप गरिमापूर्ण ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए हैं।

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह महाराणा भूपाल स्टेडियम (गांधी ग्राउण्ड) में राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति में होगा। इसमें राज्य मंत्री मण्डल के कई सदस्य, राज्य स्तरीय अधिकारीगण सहित कई अतिविशिष्ट अतिथिगण भाग लेंगे। इससे पूर्व 25 जनवरी की शाम 4 बजे सहेलियों की बाड़ी में एट होम कार्यक्रम होगा। इसी दिन शाम 7 बजे फतहसागर की पाल पर सांस्कृतिक संध्या होगी।

#### टीमें गठित, दायित्व सौंपे

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर टीम उदयपुर मुस्तैद है। जिला कलक्टर अरविन्द पोसवाल ने प्रारंभिक बैठक लेकर गणतंत्र दिवस समारोह को निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत गरिमापूर्ण रूप से आयोजित करने को लेकर निर्देशित किया। साथ ही अलग-अलग टीमें गठित कर दायित्व सौंपे हैं। मुख्य समारोह में वीवीआईपी बैठक व्यवस्था के लिए जिला परिषद सीईओ, एडीएम प्रशासन व एडीएम सिटी तथा तहसीलदार गिर्वा को जिम्मेदारी सौंपी है। सब रजिस्ट्रार द्वितीय पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं की बैठक व्यवस्था देखेंगे। एसीईओ जिला परिषद को स्वतंत्रता सैनानियों व शहीदों के परिजनों तथा आरएए के सेटलमेंट ऑफिसर एवं एसीईओ जिला परिषद को पूर्व मंत्री, सांसद-विधायक गण सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को प्रेस प्रतिनिधियों की बैठक व्यवस्था, देवस्थान उपायुक्त को पुरस्कार प्राप्त करने वालों के परिवारजनों, डीईओ प्रारंभिक को जिला स्तरीय अधिकारियों व अन्य अतिथियों की बैठक व्यवस्था का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा मुख्य समारोह स्थल पर प्रवेश मार्गों पर भी वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाते हुए निर्धारित प्रवेश द्वारों से निर्धारित व्यक्तियों का ही प्रवेश सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

इसी प्रकार 25 जनवरी को शाम 4 बजे सहेलियों की बाड़ी में प्रस्तावित एट होम कार्यक्रम में स्वागत, पार्किंग व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, अल्पाहार आदि के लिए भी जिला परिषद सीईओ, एडीएम प्रशासन व सिटी, उपायुक्त टीएडी, एसीईओ, जिला रसद अधिकारी तथा उपनिदेशक स्थानीय निकाय को दायित्व सौंपा है। इसी दिन शाम 7 बजे फतहसागर की पाल पर प्रस्तावित सांस्कृतिक संध्या में आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए एडीएम प्रशासन व शहर, सीईओ जिला परिषद, ओएसडी यूडीए, एसीईओ जिला परिषद को, सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए उप निदेशक पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र तथा उपनिदेशक पर्यटन, अवार्ड एवं माइक व्यवस्था के लिए युडीए आयुक्त व डीएसओ को नियुक्त किया गया है।

## नेमिनाथ मंदिर में मूलनायक नेमिनाथ भगवान का महामण्डल विधान सम्पन्न



### णमोकार महामंत्र के जाप एवं भक्त ामर का पाठ हुआ आयोजन

**उदयपुर (पुकार)।** हिरण मगरी सेक्टर 3 स्थित नेमिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को णमोकार महामंत्र के जाप एवं भक्तामर का पाठ किया गया तथा नेमिनाथ भगवान महामण्डल विधान का आयोजन हुआ। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया ने बताया कि नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक भगवान का महामस्तकाभिषेक, शांतिधारा प्रथम अभिषेक एंव शांतिधारा की गई। जिसमें मूलनायक नेमिनाथ का प्रथम अभिषेक अशोक-इंद्रा डवारा, नितिन, निकिता मोक्षित ने किया। द्वितीय अभिषेक विकास, शुभा जैन ने किया। भगवान पार्श्वनाथ के महामस्तकाभिषेक रोशनलाल, प्रकाश, रक्षांश लालावत ने किया। महावीर भगवान के महामस्तकाभिषेक के हीरालाल, विमला देवी दामावत एंव मूलनायक नेमिनाथ महामण्डल विधान का आयोजन किया गया। महामण्डल विधान अजय कुमार, मोनिका, भौमिका जैन, रतन देवी, ऋषभ लिखमावत, ममता लिखमावत ने किया।

अल्पाहार व्यवस्था कमला देवी-शांतिलाल, अंजना - राजेश टाया ने किया। अध्यक्ष पारस सिंघवी ने बताए कि रविवार 5 जनवरी को प्रात-सम्मेद शिखर महामण्डल विधान का आयोजन एंव वार्षिक कलैण्डर का विमोचन सुबह 10 किया जायेगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश टाया ने बताया कि वार्षिक कलैण्डर विमोचन के बाद वृक्षारोपण रोपण किया जाएगा एवं 20 वृक्ष लगा कर अपनो को हरियाली के साथ सुन्दर वातावरण बनाएगे। अधिक से अधिक संख्या में पधार कर धर्म लाभ लेने का आव्हान किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007. 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य. उप सम्पादक : अजय कमार आचार्य।। जयपर कार्यालय : कंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.
■ यह दैनिक पुकार का डिजिटल एडिशन है, यह प्रिंट एडिशन की पूर्णतः प्रतिकृति (Replica) नहीं है।